CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, बुधवार 17 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में संत कबीर के नाम पर बनेंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क पेज 2



वेलकुमार ने भारत को स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया खेल टाइम्स



पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश सम्पादकीय



सीजफायर पर ट्रम्प के दावे की इशाक डार ने खोली पोल पेज 12

## हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

## युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितम्बर और युवराज को 23 सितम्बर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1यूबेट नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है।

## मदर डेयरी का टेट्रा पैक दूध, पनीर, घी व बटर होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितम्बर से सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से हो रही कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। हालांकि इससे पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि इन पर पहले से ही शून्य कर था। कंपनी ने बताया कि एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 रुपये की जगह 75 रुपये का मिलेगा, जबकि 450 मिली वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 रुपये से घटकर 32 रुपये हो गई है।

## मणिपुर हिंसा मामले में एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा मामले में अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप में गिरफ्तार मोइरंगथेम आनंद सिंह की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित मुकदमे की स्थिति जानने के लिए एनआईए से जवाब मांगा है पीठ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केवल मुकदमे की स्थिति जानने के लिए नोटिस जारी करें।

# TET की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी उप्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिक्षकों की सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।

शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है।

# सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चार हफ्तों में जवाब मांगा, याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान की नदी का जहरीला पानी, मर रहे पशु-पक्षी

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

■ फैक्ट्रियों का कचरा- केमिकल बहाया जा रहा, 20 लाख की आबादी प्रभावित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जीवन और जैव विविधता प्रभावित होने के मद्देनजर राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट बहाने के मामले में मंगलवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि नदी में मुख्य रूप से कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के छोड़े जाने से सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण वहां का पेयजल मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए पीने योग्य नहीं रहा। पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया और उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह अदालत राजस्थान की मरुधरा जोजरी नदी के संबंध में स्वत: संज्ञान ले रही है।

# देहरादून में बादल फटने से मची तबाही, 25 के मरने की आशंका

## 13 पुल टूटे, 21 सड़कें व सात दुकानें बही, दो घर गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड से विदा होते मानसून ने एक बार फिर विकराल रूप दिखाते हुए राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। विनाशकारी बादल फटने और मूसलाधार वर्षा की घटनाओं के बाद अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 16 लोग अभी भी लापता हैं। सहस्रधारा, मालदेवता जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, नदियां उफान पर हैं और कई सड़कें व पुल बह गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों का सुबह सवेरे ही दौरा किया। जिला अधिकारी सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मोर्चा संभाला। सोमवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि, सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क, संपर्क मार्ग, पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त -शेष पृष्ठ दो पर



### मुख्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं। धामी ने अतिवृष्टि से प्रभावित देहरादून जनपद के मालदेवता क्षेत्र एवं केसरवाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम एवं गृह मंत्री ने की सीएम धामी से बात

पीएम मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।





## मृतकों में मुरादाबाद मंडल के सात मजदूर शामिल

**मुरादाबाद/अमरोहा (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने के बाद बाढ़ की चपेट में आने से मुरादाबाद मंडल के दर्जनभर मजदूर बह गए। हादसे में बिलारी तहसील के मुंडिया जैन गांव के छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अब भी लापता हैं।

अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा गांव के तीन मजदूर भी नदी में लापता हो गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, दो अभी लापता हैं। मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के थाना सोनकपुर क्षेत्र के मुंडिया जैन गांव निवासी लगभग 20 मजदूर कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार तड़के मजदूर नदी किनारे बजरी और रेत निकालने का काम कर रहे थे। तभी सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने से टोंस नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की उच्च न्यायालयों में नौ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मद्रास और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के लिए कुल नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी अलग-अलग बयानों के मुताबिक, कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरुबरहल्ली वेंकटरामा रेड्डी अरविंद को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों - श्रीमती गीता कदबा भरतराज सेट्टी, मुरलीधर पी. बोरकटटे और त्यागराज नारायण इनावली को पदोन्नत कर कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अधिवक्ताओं - जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इनके अलावा, त्रिपुरा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत पालित को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने 15 सितम्बर को अपनी बैठक में चारों उच्च न्यायालय के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी।

## सुविधाएं नहीं, तो ट्रिब्यूनल खत्म कर दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की बदहाल स्थिति पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव की वजह से हाईकोर्ट जज ट्रिब्यूनलों में पोस्ट-रिटायरमेंट रोल लेने से बच रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार हालात सुधार नहीं सकती, तो सभी ट्रिब्यूनल बंद कर देना चाहिए। यहां आने वाले मामलों को हाईकोर्ट को भेजा जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट की नियुक्ति की याचिका एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन ने लगाई है। दरअसल, यह मामला वेस्टर्न जोन के ट्रिब्यूनल में 2 जजों की नियुक्ति से जुड़ा है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी इन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन ने कहा कि यह कमी केंद्र सरकार की वजह से है।

# प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नीलामी से मिली धनराशि का होगा नमामि गंगे परियोजना में उपयोग

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी पीएम मोदी को उनके अंतर्राष्ट्रीय दौरों, राज्यों के दौरों के दौरान और प्रधानमंत्री से होने वाली मुलाकातों के दौरा।

विभिन्न कार्यक्रमों और शख्सियतों की ओर से दिए गए उपहारों से संबंधित होती है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य इन उपहारों से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है। अभी तक इस नीलामी की राशि का उपयोग गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में बहुत तरह के उपहार होते हैं, जैसे की कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर, और अन्य हस्तशिल्प जो विभिन्न देशों और नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए होते हैं। ये उपहार भारतीय संस्कृति और कूटनीति के प्रतीक होते हैं और इनका मूल्यांकन केवल उनके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व के आधार पर किया जाता है। इस बार पीएम मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई-ऑक्शन के जरिये लोग कर सकते हैं खरीददारी। इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# आरएलडी के फैसले से दावेदारों में खुशी

**पंचायत चुनाव**

## समाजवादी पार्टी के चुनाव न लड़ने के ऐलान से फायदा

समीउल्लाह

■ बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर व मेरठ पार्टी का गढ़

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से इच्छुक दावेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपा के यह चुनाव न लड़ने के ऐलान से यहां आरएलडी को बड़ा फायदा पहुंचेगा और उसका जनाधार बढ़ जाएगा, वहीं भाजपा नेताओं को इसमें अपना नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में शीघ्र ही जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित हैं। हालांकि भाजपा सरकार पंचायत चुनाव समय से कराने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रही है। सरकार नगर क्षेत्रों की प्रस्तावित सीमा विस्तार का बहाना बना रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि



नगर क्षेत्रों से लगे ऐसे ग्रामों को जोड़ लिया जाए, जिससे उनके प्रत्याशी आसानी से चुनाव जीत जाएं और सपा व निर्दलीय प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़े। इसी को लेकर अंदर खाने कवायद चल भी रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय निकायों से प्रस्ताव मांग रहे हैं। ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगने की जरूरत ही महसूस नहीं की जा रही है। इस बीच पंचायत चुनावों को लेकर सपा व आरएलडी के ऐलान से प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। सपा ने पंचायत चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। सपा नेतृत्व जानता है कि जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुख के चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग जमकर होता है। प्रशासन, पुलिस व पैसा इस चुनाव में असर दिखाता है। सपा का एक मात्र लक्ष्य विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सपा नेतृत्व नहीं चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व ऐसा कोई प्रतिकूल संदेश मतदाताओं के बीच न जाए कि इससे उसे नुकसान उठाना पड़े। सपा नेतृत्व का मानना है कि जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, तो निर्वाचित अध्यक्ष व प्रमुख खुद पाला बदल लेंगे। सपा नेतृत्व बड़े लक्ष्य को हालिस करने के लिए छोटी कुर्बानी दे रहा है। लेकिन आरएलडी ने अकेले जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को चौका दिया है। राजनीतिक पंड़ितों को भी इसका अंदाजा नहीं था कि आरएलडी इतना बड़ा दाव चलेगी। आरएलडी के इस फैसले से भाजपा नेताओं -शेष पृष्ठ दो पर

### पशु तस्करों की फायरिंग में छात्र की मौत के बाद बवाल

**गोरखपुर।** उप्र मे गोरखपुर जिले के पिपराइच थानरा क्षेत्र के जंगल छात्रधारी गांव में सोमवार की देर रात पशु तस्करों की गोली से 19 वर्षीय छात्र दीपक गुप्ता की मौत के बाद मंगलवार सुबह माहौल उग्र हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव घर आने के बाद आज अपनी मांगों को लेकर भट्ठा चौराहा जाम कर दिया। आरोप है कि पुलिस देरी से पहुंची, इसके बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर समय पर खोजबीन की जाती, तो दीपक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया तस्करों से झड़प के दौरान दीपक अचानक लापता हो गया था। लोग पूरी उसे ढूंढने में जुटे थे।

# गरीब, वंचित शोषित का उत्पीड़न हो रहा है उत्तर प्रदेश में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामलों में समझौते कराए जा रहे हैं: अखिलेश
- गाजीपुर नोनहरा कांड: पीड़ित परिवार के बयान बदलने पर सपा प्रमुख ने योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र की योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीघ्न हो रहा है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान मे कहा कि इस सरकार में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित लोगों के एक दिन दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सभी इंतजाम करने' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। आम जनता और गरीबों को प्रताड़ित, अपमानित किया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सब कुछ बर्बाद कर दिया है। किसान, नौजवान, छात्र, महिलाएं, व्यापारी इस सरकार की शोषणकारी और गलत नीतियों से पहले से ही परेशान है। सरकार का कानून व्यवस्था और पुलिस पर कोई नियंत्रण नहीं है। पुलिस हिरासत में लगातार मौते हो रही है। भाजपा सरकार जाएगी तभी लोगों को अन्याय और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी और लोगों को न्याय मिलेगा। वहीं उप्र में गाजीपुर के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाक़ात की थी।

मुलाक़ात के बाद परिवार ने मामले की जांच से संतुष्टि जताई थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार के बदले रुख को लेकर योगी सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा, भाजपा सरकार की समझाइश मतलब धमकाइश। उप्र में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोग दरबार में बुलाकर धमकाए जा रहे हैं और एक दिन पहले दिए गए उनके बयान पलटवाए जा रहे हैं, जो आज सरकार का मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेरकर सत्ता के केंद्रों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सब इंतज़ाम हो जाएगा' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफ़ेद मेज पर सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतज़ाम या समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। उप्र में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं हो रहा है, बल्कि ग़रीब, वंचित, पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा जाए तो न्याय आए।

# एआई का विकास हो सदैव मानवता की सेवा के लिए: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए और इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए।

बिरला ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में 'फेथ एंड फ्यूचर : इंटिग्रेटिग एआई विथ स्प्रिचुअलिटी' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद कहा कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए, इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व समाज सेवा से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने धर्म व विज्ञान की वह व्याख्या दी, जो युवाओं को भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य मानवीय अनुभवों को समृद्ध और बेहतर बनाना है, उसका स्थान लेना नहीं। एआई को हमेशा आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से संचालित होना चाहिए, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। एआई के प्रयोग में चुनौतियां जरूर है, लेकिन इन्हीं चुनौतियों में समाधान भी है।

# यूपी में 16 आईएएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मंडलायुक्त रोशन जैकब हटाई गईं, विजय विश्वास पंत बनाए गए लखनऊ के नए कमिश्नर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार तबादले जारी हैं। मंगलवार को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक करीब 16 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रहीं डाक्टर रोशन जैकब को हटा दिया गया है।

डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है। उनकी जगह विजय विश्वास पंत को मंडलायुक्त लखनऊ बनाया गया है। इसके साथ ही कई आईएएस अधिकारियों के पदों में छटनी भी की गई है। आईएएस रंजन कुमार को प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से मुक्त करते हुए शेष यथावत बना रहेगा। उनके पास मौजूदा समय में आयुष और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश था। इस तरह रंजन कुमार के पास अब आयुष विभाग बचा है। इसके अलावा सुहास एलवाई को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। वहीं, चौत्रा बी. को महानिदेशक आयुष उत्तर प्रदेश बनाया गया है, जबकि संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा की महानिदेशक रहीं कंचन वर्मा को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तरह मोनिका रानी को स्कूल शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक नियुक्त किया गया है। प्रयागराज के मंडल आयुक्त रहे विजय विश्वास पंत को मंडल आयुक्त लखनऊ बनाया गया है। डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है इसी क्रम में राजेश कुमार द्वितीय को महा. निदेशक पर्यटन, सौम्या अग्रवाल को मंडल आयुक्त प्रयागराज और किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा बृजेश नारायण सिंह को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग और मनीषा त्रिघाटिया को सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बनाया गया है, जबकि बी. चंद्रकला को सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी उप्र क्लीन और मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथारिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# संत कबीर के नाम पर होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क

लखनऊ, वार्ता



- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि पर लिया फैसला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उप्र की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वर्तमान में उप्र देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्जापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उप्र को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

### सारथी पोर्टल पर वस्त्र व परिधान से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए

निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपए आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी, बल्कि उप्र को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।

## अर्थ व्यापार



**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60



**सोना रु.** 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली के बीच 595 अंक चढ़ा सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजूबत होने के कारण मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक (0.73 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,380.69 अंक पर पहुंच गया, जो 23 जुलाई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 10 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। घरेलू के साथ अब विदेशी निवेशकों का विश्वास एक बार फिर भारतीय बाजार में बहाल हुआ है। उन्होंने एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों में पैसा लगाया। सबसे ज्यादा लिवाली ऑटो सेक्टर में देखने को मिली। रियलिटी में लगातार तेजी को दौर चल रहा है। तेल एवं गैस, आईटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा, बैंकिग सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बाजार में आज शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स 66.37 अंक की तेजी के साथ 81,852.11 अंक पर खुला और लगातार चढ़ता गया। इसका निचला स्तर 81,779.94 अंक और ऊपरी स्तर 82,443 अंक रहा। निफ्टी.50 सूचकांक भी 4.30 अंक चढ़कर 25,73.50 अंक पर खुला। यह नीचे 25,070.45 अंक और ऊपर 25,261.40 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 95 फीसदी चढ़ा। एनएसई में कुल 3,152 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,005 के शेयर हरे निशान में और 1,059 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 2.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.22 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.99 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, एनटीपीसी, बीईएल और टीसीएस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। एशियन पेंट्स (0.87 प्रतिशत) और बजाज फाइनेंस (0.69 प्रतिशत) सेंसेक्स में नुकसान उठाने वाली दो मात्र कंपनियां रहीं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.03 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.49 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 फीसदी की गिरावट में थे।

### भारत-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ कारोबार

**लखनऊ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद उप्र से सटी नेपाल सीमा को फिर से खोल दिया गया है और कड़ी सुरक्षा जांच के बाद यात्रियों व मालवाहक ट्रकों की आवाजाही शुरु होने से कारोबारियों को राहत मिली है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीमा क्षेत्र पर वाहनो की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों की मदद के लिए सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है। एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर ट्रकों की लंबी कतार अब लगभग साफ हो गई है। नेपाल में अशांति के कारण पिछले छह दिनों से भारत और नेपाल के बीच व्यापार पूरी तरह से ठप था, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकों को करोड़ों रुपए और भूमि बंदरगाह प्राधिकरण को 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

# मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की नई मूल्य सूची अनिवार्य: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नई मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी।



वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिग की जरूरत नहीं है, लेकिन फार्मा कंपनियां/ विपणन कंपनियां नई मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी। इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है, तो वह भी कर मुक्त होगा। अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा। वहीं 7,500 रुपए रोजाना तक के होटल के कमरों के किराए पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा। ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन पर 20 लाख रुपए की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी। माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है, तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है, तो पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट....** होगी। सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि यूपी में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था।

**देहरादून ...** होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होना बताया गया। यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, 8 होटल, 3 रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण 9 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। रा.पूर्व.मा.वि. चामासारी में बनाए गए राहत शिविर में कुछ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। शिविर में प्रभावित लोगों से मिलते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवार यदि सुरक्षित स्थानों पर किराए में शिफ्ट होना चाहते हैं, तो उनको प्रति परिवार तीन माह तक 4-4 हजार रुपये किराया भी दिया जाएगा।

**मृतकों में...**समेत मजदूर बह गए। हादसे में मदन (45), नरेश (48), हरचरन (60), सोमवती (55), रीना (31) और किरन (35) की डूबकर मौत हो गई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा राज. कुमार (21), होराम (32) और सुंदरी (42) का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा और आसपास के गांवों के 11 मजदूर भी देहरादून के बाजावाला गांव में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार को बादल फटने से रिस्पना नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान रहरा निवासी पुष्पेंद्र (20), पीतम (22) और पंकज (27) पानी के तेज बहाव में बह गए। पंकज का शव बरामद कर लिया गया है। पुष्पेंद्र और पीतम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

**आरएलडी के...** को दिक्कत हो रही है। खासतौर पर बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, शामली, बुलंदशहर और सहारनपुर जनपद में इससे आरएलडी को बड़ा फायदा होने जा रहा है। सपा के चुनाव न लड़ने के ऐलान से इसके ज्यादातर दावेदार फिलहाल आरएलडी का दामन थाम लेंगे। भाजपा के साथ जाने से आरएलडी को जो नुकसान हुआ था, उसकी एक ही झटके में भरपाई हो जाएगी। मगर दावेदार आरएलडी प्रमुख के अगले कदम पर नजर लगाए हुए हैं। उन्हें इसका भी अंदेशा है कि कहीं बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ का जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा से झटक कर आरएलडी अपना यह फैसला वापस न ले ले। क्योंकि आरएलडी के मौजूदा फैसले से भाजपा को ही बड़ा नुकसान होने जा रहा है। वैसे यह भी साफ है कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से आरएलडी को कोई ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा है। सिर्फ केन्द्र व प्रदेश में मंत्री पद ही मिला है। प्रदेश में भाजपा की मनमानी चल रही है। आरएलडी के बड़े नेता भले ही परेशान न हो, मगर आम कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और इसीलिए वह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़ रहे हैं।

# 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई चालान होंगे खत्म

लखनऊ, वार्ता

उप्र परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर षडिस्पोस्ड अबेटेड (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और क्लोज्ड- आर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण 'डिस्पोस्ड अबेटेड' और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण क्लोज्ड- टाइम-बार (नॉन-टैक्स) के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा, जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदा. रियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम योगी के खिलाफ एफआईआर की याचिका खारिज

### अदालत ने कहाः मामला पुलिस के दायरे से बाहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बड़ी राहत मिली है। लखनऊ की अदालत ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें योगी आदित्यनाथ पर चुनावी हलफनामे में आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस मामले में आपराधिक संहिता की धाराएं लागू नहीं होतीं, बल्कि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता की धाराएं 176, 177, 181, 199 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा



125। के तहत होने वाली कार्रवाई का अधिक. र केवल चुनाव आयोग को है, पुलिस या सामान्य आपराधिक प्रक्रिया के तहत यह संभव नहीं है। अदालत ने माना कि इस प्रकरण में पुलिस जांच या प्राथमिकी दर्ज करने का कोई औचित्य नहीं बनता। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर लंबे समय से सत्ता पक्ष के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ते रहे हैं और उन्होंने इस मामले को भी गंभीरता से उठाया था। हालांकि, अदालत का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि जनप्रतिनिधियों से संबंधित हलफनामों की सत्यता की जांच का दायित्व सीधे चुनाव आयोग पर है, न कि पुलिस पर। इस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फिलहाल इस मामले में बड़ी कानूनी राहत मिल गई है। राजनीतिक हलकों में इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह भविष्य में नेताओं के चुनावी हलफनामों से जुड़े विवादों के निस्तारण की दिशा भी तय करता है। अदालत ने इस आदेश से न केवल मुख्यमंत्री के खिलाफ एफआईआर की राह रोक दी है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि ऐसे मामलों में न्यायिक या प्रशासनिक कार्रवाई का सही मंच केवल चुनाव आयोग है।

## न्याय के राज के लिए घर बूथ पर जीत का संकल्प लें: अताउर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव व विधायक अताउर्रहमान ने बक्शी का तालाब ब्लाक में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि 2027 में सपा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी कर लो. कतंत्र को कमजोर कर रही है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को शिक्षा से वंचित करने के लिए सरकारी विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि न्यायपूर्ण शासन की स्थापना के लिए हर बूथ पर जीत सुनिश्चित करें। सम्मेलन में सांसद आरके चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, लोटन राम निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश में एलएसडी रोग पर काबू, पूर्वांचल में युद्धस्तर पर टीकाकरण अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोवंशीय पशुओं को प्रभावित करने वाली लम्पी स्किन डिज़ीज़ (एलएसडी) पर राज्य सरकार ने प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। पशु एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूर्वांचल के गोरखपुर और आसपास के जनपदों में युद्ध स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में 61.20 लाख डोज गोट पाक्स वैक्सीन उपलब्ध है, जिसके माध्यम से पशुओं का टीकाकरण हो रहा है। इसके अलावा आईवीआरआई द्वारा विकसित 'लम्पी प्रोवैक' वैक्सीन की साठ हज़ार खुराक बेंगलुरु से मंगाकर प्रभावित क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है। अब तक 1447 ग्रामों में बेल्ट वैक्सीनेशन और 2558 ग्रामों में रिंग वैक्सीनेशन पूरा किया गया है।

मंत्री ने कहा कि बिहार सीमा से लगे 11 जनपदों-चंदौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, मऊ, संतकबीर नगर और महराजगंज में करीब 9353 गोवंश प्रभावित मिले थे। इनमें से 6769 पशु उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि शेष का इलाज जारी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में गोवंश की आवाजाही पर प्रति. बंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित जनपदों में विशेष चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं और संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वहीं रहकर निगरानी करेंगे। रोग की रोकथाम के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर निगरानी सेल का गठन किया गया है। किसी भी जानकारी के लिए विभागीय टोल फ्री नंबर 18001805141 और मोबाइल वेटेरिनरी सेवा 1962 पर संपर्क किया जा सकता है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि एलएसडी नियंत्रण के लिए ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान, फॉगिंग, सेनेटाइजेशन और स्वच्छता पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि रोग का प्रसार पूरी तरह रोका जा सके।

# मेडिकल कॉलेज को मिली 50 एमबीबीएस सीटों की मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रयासों से अमेठी जनपद को एक बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तिलोई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस की 50 सीटों की मान्यता प्रदान कर दी गई है।इस निर्णय से न केवल अमेठी बल्कि आसपास के जिलों के युवाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे।

अब युवाओं को पढ़ाई के लिए महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरकार के इस फैसले से तिलोई और पूरे अमेठी क्षेत्र के विकास की गति तेज होगी। यहां शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे। मेडिकल कॉलेज को मिली अतिरिक्त



सीटों के चलते क्षेत्र में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी, जिससे मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा। जनता ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## तेंदुआ बना दहशत का पर्याय, पिंजरा बना शोपीस

**सन्दना/सीतापुर।** विकास खण्ड गोंदलामऊ क्षेत्र के बैशौली गांव में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बैशौली स्थित गौशाला में पन्द्रह दिनों में कई बार तेंदुआ दस्तक दे चुका है। इस दौरान वह कई गौवंशों का शिकार भी कर चुका है। वहीं वन विभाग द्वारा लगाया गया लपजरा शोपीस बना हुआ है। दिन में दो बार तेंदुए को देखा गया है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लपजरा लगाया, लेकिन वह इसमें नहीं फंसा। वन दरोगा ;ृभ सिंह तोमर का कहना है कि आज तेंदुए की कोई हरकत कैमरे में कैद नहीं हुई है और न ही पगचिह्न दिखाई दिए हैं।

# पंजाब के गायक मनकीरत से मिले अखिलेश

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए की सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज पंजाब के लोकप्रिय गायक मनकीरत ने भेंट की। श्री यादव ने उन्हें शाल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि गीत-संगीत की दुनिया में मनकीरत का नाम केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत लोकप्रिय है। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पांच करोड़ रुपये खर्च करने पर श्री यादव ने उनकी सराहना की। अखिलेश यादव ने कहा कि सिख समाज ने देश-विदेश में अपनी मेहनत से अलग पहचान बनाई है, लेकिन सरकार ने उनकी अपेक्षित मदद नहीं की। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि किसानों, नौजवानों और महिलाओं के हितों की अनदेखी हो रही है। हिरासत में मौतें और फर्जी मुठभेड़ें हो रही हैं, जबकि महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त है और लोकतंत्र में वोटों की लूट की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पंजाब में बाढ़ की स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि लाखों लोग प्रभावित हैं। बड़ी संख्या में पशु और लोग बाढ़ में बह गए हैं। सरकार बाढ़ प्रभावितों तक राहत पहुंचाने में विफल रही है और न ही पशु चारे की कोई व्यवस्था हो सकी है। उन्होंने मांग की कि बाढ़ग्रस्त परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए, दवा-इलाज की सुविधाएं मुहैया कराई जाएं और पानी उतरने के बाद फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पहले से तैयारी की जाए। इस अवसर पर समा. जवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, विधायक आशु मलिक, पूर्व शिक्षामंत्री इकबाल महमूद, विधायक फहीम इरफान और पूर्व विधायक प्रदीप यादव भी मौजूद रहे।

# अमेठी महोत्सव 2025 की तैयारियां शुरू, डीएम-सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** आगामी अमेठी महोत्सव 2025 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें महोत्सव को भव्य व सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई।डीएम ने बताया कि अमेठी महोत्सव का आयोजन नवंबर 2025 में किया जाएगा। महोत्सव के दौरान जिला मुख्यालय के साथ सभी तहस. ीलों में भी विभिन्न कार्यक्रम



आयोजित होंगे, जिससे यह पूरे जनपद का उत्सव बन सके। कार्यक्रम के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी व स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आमजन को योजनाओं की जानकारी आसानी से मिलेगी। फूड कोर्ट में स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए जनपद की कला व परंपरा को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा खेल प्रतियोगिताएं और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी भी महोत्सव का आकर्षण होंगी, जिससे प्रतिभाओं और उद्यमियों को पहचान और नए अवसर मिल सकें।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियां समय से पूरी करें और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में स्वच्छता, सुरक्षा व सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि महोत्सव को जनपद की पहचान बनाने में सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक में अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व अल्पत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बरसात में ढह गया गरीब का आसियाना

### बारकोट गांव में मलबे में तब्दील हुआ राजू का मकान बाल-बाल बचा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद के तिलोई तहसील के बारकोट गांव में लगातार हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया। मंगलवार की रात राजू पुत्र रामसने. ही का कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। इस हादसे ने जहां परिवार को बेघर कर दिया, वहीं उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार, कई दिनों से हो रही बरसात के कारण मकान की दीवारों में नमी बढ़ गई थी। रात में जब राजू का परिवार घर के भीतर मौजूद था, तभी दीवारें अचानक गिर गईं और देखते ही देखते पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में राजू, उनकी पत्नी और छोटे-छोटे बच्चे सुरक्षित बच गए।

मकान ढहने से परिवार का सारा घरेलू सामान, कपड़े, बिस्तर और खाने-पीने की सामग्री मलबे में दबकर नष्ट हो गई। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

ग्रामीणों ने बताया कि राजू मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं और पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। ऐसे में मकान ढहने से उनका सबकुछ तबाह हो गया है।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मदद के लिए जुट गए। ग्रामीणों ने मलबा हटाकर परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री, रहने की व्यवस्था और सरकारी मदद मुहैया कराई जाए।स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में ऐसे हादसे अक्सर सामने आते हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यदि समय रहते प्रभावित परिवारों को प्र्धा मकान योजना या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए तो इस तरह की त्रासदियों से बचा जा सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अपील की है।

# रानीगंज ओवरब्रिज पर संकट के बादल, पीलर नंबर 19 से हो रहा रिसाव, हादसे की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद के जगदीश. पुर- अयोध्या हाइवे पर बने ओव. रब्रिज की स्थिति इन दिनों चिंता का कारण बन गई है। रानीगंज कस्बे के पास स्थित पीलर नंबर 19 की दीवारों से लगातार बारिश का पानी और मिट्टी रिस रही है।

इस रिसाव ने न केवल ओव. रब्रिज की मजबूती पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए भी खतरा बढ़ा दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से ओवरब्रिज से पानी और मिट्टी का रिसाव हो रहा है। बारिश के दौरान यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते ओवरब्रिज की मरम्मत नहीं कराई गई, तो धीरे-धीरे इसकी स्थिति और खराब हो सकती है। इससे सड़क पर ग़ड्ढे बनने और बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।इस हाइवे का महत्व क्षेत्र में काफी अधिक है। यह मार्ग अमेठी को सीधे अयोध्या और लखनऊ से जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन, कारें और मोटरसाइकिल इस ओवरब्रिज से गुजरते हैं। ऐसे में पुल की दीवारों से हो रहा रिसाव आने वाले समय में संरचना को कमजोर कर सकता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ सकता है।स्थानीय लोग इसे संबंधित विभाग की गंभीर लाप. रवाही बता रहे हैं। उनका कहना है कि करोड़ों की लागत से बने इस ओवरब्रिज का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। यदि अभी भी मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया, तो आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना घट सकती है।फिलहाल, संबंधित विभाग की ओर से इस मामले में कोई पहल नहीं दिखाई गई है। प्रशासन की चुप्पी से स्थानीय लोग नाराज हैं। उन्होंने मांग की है कि तत्काल विशेषज्ञों की टीम भेजकर ओवरब्रिज की तकनीकी जांच कराई जाए और रिसाव को रो. कने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

## बीस हजार के इनामी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी दबोचा

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में छापेमारी कर मोहल्ला लोखिरयापुर निवासी शकील पुत्र सरफुद्दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि शकील शातिर अपराधी है और गैंगस्टर एक्ट का आरोपी है। वह बीते तीन माह से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर बीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। शकील का हाल पता लहरपुर कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती है। पुलिस का कहना है कि उसके अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाया जा रहा है और चिन्हित होने पर उसे जब्त किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

# सीमावर्ती जिलों में शिक्षा का कायाकल्प, स्मार्ट क्लास और टैबलेट से बच्चे हो रहे भविष्य के लिए तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सीमावर्ती जिलों के स्कूलों की दशा और दिशा बदलने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सात सीमावर्ती जिलों के दो सौ उनतीस विद्यालय अब टाट-पट्टी के बजाय स्मार्ट क्लास और टैबलेट से पढ़ाई कर रहे हैं। बहराइच, बलरामपुर, खीरी, महाराजगंज, पीलीभीत, श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर जैसे जिलों के बच्चों को अब वही आधु. निक सुविधाएं मिल रही हैं जो बड़े शहरों के छात्र लंबे समय से उपयोग कर रहे हैं। पढ़ाई के तौर-तरीकों में आए इस बदलाव ने बच्चों के प्रदर्शन को भी प्रभावित किया है। परख परीक्षा के नतीजों में सीमावर्ती इलाकों के बच्चों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। शिक्षा विभाग का मानना है कि टैबलेट और वीडियो आधारित शिक्षा से बच्चों की समझने की क्षमता और पढ़ाई में रुचि दोनों बढ़ी हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि विजुअल माध्यम से पढ़ने वाले छात्र जटिल विषयों को आसानी से ग्रहण कर पाते हैं। प्रदेश सरकार ने इन जिलों के स्कूलों को आधारभूत सुविधाओं से भी लैस किया है। अब पीने का पानी, शौचालय, बिजली और फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर हो चुकी हैं। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक एक सौ बावन विद्यालय पूरी तरह सभी मानकों पर सैचुरेटेड हो चुके हैं। साथ ही इन जिलों के सभी ब्लॉक्स में विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिससे छात्र खेल-खेल में गणित और अन्य विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं। पिछले वर्षों में इन जिलों में नामांकन के आंकड़े भी बढ़े हैं। वर्ष 2024-25 में सीमावर्ती जिलों में नामांकित बच्चों की संख्या बढ़कर अट्ठाईस लाख पैंतालीस हजार तक पहुंच गई है। इनमें सबसे अधिक नामांकन खीरी जिले में दर्ज हुआ है।

सरकार का मानना है कि डिजिटल शिक्षा और नए इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण आने वाले समय में नामांकन और बढ़ेगा तथा ड्रॉपआउट दर में गिरावट आएगी। सीमावर्ती जिलों में शिक्षा सुधार की यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे रही है, बल्कि गांव-गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। यह बदलाव आने वाले वर्षों में ग्रामीण इलाकों से निकलकर उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में बच्चों को मजबूत आधार देगा।

# जयंत चौधरी आज लखनऊ में रहेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी सत्रह सितम्बर को लखनऊ प्रवास पर रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मंत्री का प्रस्थान प्रातः सात बजकर पैंतीस मिनट पर आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली से होगा और आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका आगमन होगा। इसके बाद वे प्रातः नौ बजकर पच्चीस मिनट पर आईआईएम रोड स्थित इमेजिन रिजॉर्ट, जॉगर्स पार्क सर्किल, लखनऊ पहुंचेंगे वहां एक घंटा आमजन से भेंटकर संवाद करेंगे।

दस बजकर चालीस मिनट पर इमेजिन रिजॉर्ट से प्रस्थान कर वे ग्यारह बजकर पंद्रह मिनट पर वीवीआईपी गेस्ट हाउस, लखनऊ पहुंचेंगे। दोपहर दो बजकर चालीस मिनट पर मंत्री गेस्ट हाउस से प्रस्थान कर तीन बजे कोल्विन तालुकेदार्स कॉलेज, लखनऊ में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव में शामिल होंगे। महोत्सव में सहभागिता के उपरांत वे चार बजकर पच्चीस मिनट पर पुनः वीवीआईपी गेस्ट हाउस लौटेंगे।

# अमेठी में रोजगार मिशन की समीक्षा बैठक डीएम ने दिए पंजीकरण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला. धिकारी संजय चौहान ने की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मिशन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं, बेरोजगार अभ्यर्थियों और श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए।बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने मिशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की यह पहल केवल स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिए एक एकीकृत पोर्टल तैयार किया गया है,

जिस पर न केवल बेरोजगार युवक-युवतियां बल्कि निजी क्षेत्र की कंपनियां, भर्ती अभिकरण और जनशक्ति अभिकरण भी पंजीकरण करा रहे हैं।युवाओं की सुविधा के लिए तीन अलग-अलग पोर्टल विकसित किए गए हैं। इनमें तवरहतंदेहंउ. नच.हवअ.पद रोजगार संगम के लिए, `मूंलवरंद.नच.हवअ.पद आउटसोर्सिंग सेवाओं के लिए और मूंउपजत.नच.हवअ.पद घरेलू सेवाओं के लिए हैं। इन पोर्टलों के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को उनकी क्षमताओं और आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। डीएम संजय चौहान ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी रोजगार योजनाओं को सेवायोजन विभाग से जोड़ें। उन्होंने कहा कि मिशन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी बेरोजगार युवक या युवती रोजगार से वंचित न रहे। उन्होंने अधिका. रियों को युवाओं तक इस मिशन की जानकारी व्यापक स्तर पर पहुंचाने और पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एटीएम बदलकर कैश पार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कैंची पुल के निकट छापेमारी कर प्रतापगढ़ जिले के देल्हूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदईपुर निवासी मोहम्मद सोहेल पुत्र मोहम्मद नसीम तथा चितपालगढ़ निवासी मोहम्मद जीशान पुत्र मोहम्मद शकील को गिरफ्तार किया। सीओ विनायक भोसले ने बताया कि उनके कब्जे से तेरह हजार सात सौ रुपये नकदी, इकतालीस एटीएम कार्ड, एक कूटरचित नम्बर प्लेट, एक चार पहिया वाहन, एक प्लास, चार फेवीक्विक और तीन मोबाइल बरामद हुए हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उ0) से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हादसे के जिम्मेदार बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 06 सितम्बर को ब्रजघाट चौकी के पास हुए सड़क हादसे के जिम्मेदार बाइक चालक के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जाकिर पुत्र फकरूद्दीन निवासी 0-11 बटला हाउस, जामिया नगर नई दिल्ली 06 सितम्बर क सुबह अपनी पत्नी फातिमा व पुत्री आयशा के साथ अपनी मोटरसाईकिल द्वारा दिल्ली से बछरायूं जा रहे थे। सुबह के करीब आठ बजे जब इनकी बाइक ब्रजघाट चौकी के पास पहुंची तो तभी एक मोटरसाईकिल चालक तेजी से आया और उसने जाकिर की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जाकिर की बाइक गिर गई और सब लोग सड़क पर गिए गए। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात वाहन आया और वह फातिमा को रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद से जाकिर व उसकी बेटी आयशा का उपचार बिजनौर के अस्पताल में चल रहा था। उसने थाना पुलिस को तहरीर देकर घटना का जिम्मेदार बाइक चालक को ठहराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है और बाइक नंबर के आधार पर उसके चालक आदि की तलाश करनी शुरू कर दी है।

# बजरंग बली की झांकी ने मोहा मन

## नगर में ध्वज यात्रा की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर में मंगलवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के संयोजन में रामलीला के आयोजन से पूर्व परंपरागत ध्वज यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में शामिल बाबा बजरंगबली की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। ध्वज यात्रा का शुभारंभ मोहल्ला सोसाइटी स्थित संतोषी माता मंदिर से हुआ। इसके बाद यह यात्रा अग्रसेन बाजार हरदेव बाजार, कंचन बाजार और अहिंसा स्तंभ से होती हुई रामलीला मैदान पहुंची। वहां पर विधि-विधान से रामनवमी मंच पर ध्वजा स्थापना की गई। इस दौरान नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति-रस में रंग गया। समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने बताया कि परंपरा के अनुसार ध्वज स्थापना के बाद अब 19 सितंबर को शिव बारात के साथ रामलीला महोत्सव का आगाज होगा। रामलीला मंचन की तैयारियां जोरों पर हैं और इस बार का आयोजन और भी भव्य व ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, अवनीश कुमार, पवन गुप्ता, गौरव अग्रवाल, सुनील प्रजापति, मुकेश अग्रवाल, बिंदु शर्मा, सुनील अग्रवाल, जितेश कुमार, सुनील प्रजापति अक्षय अग्रवाल, अमित अग्रवाल सुनील अग्रवाल, नवनीत वर्मा, कपिल अग्रवाल एडवोकेट सहित अनेक श्रद्धालु व नगरवासी मौजूद रहे।

# दूसरे सर्किल की शराब बेचते टीम ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आबकारी विभाग ने मंगलवार को अमरोहा अड्डे पर स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखी गई भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद की है। छापेमारी गुप्त सूचना पर आधारित थी कि दुकान पर ओवररेटिंग और नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। घ्आबकारी इंस्पेक्टर रामकुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने दोपहर बाद अचानक दुकान पर छापा मारा। जांच के दौरान, टीम को दूसरी सर्किल की 12 पेटी अंग्रेजी शराब और 32 पेटी बीयर मिलीं। जो नियमों के अनुसार अवैध हैं। यह पाया गया कि दुकानदार अवैध तरीके से दूसरे क्षेत्र की शराब बेच रहा था। जो कि एक गंभीर अनियमितता है। घ्आबकारी विभाग को इस दुकान के खिलाफ लगातार ओवररेटिंग की शिकायतें मिल रही थीं। जिसके कारण ग्राहकों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। इंस्पेक्टर रामकुमार यादव ने बताया कि यह कार्रवाई इन्हीं शिकायतों का परिणाम है।घ मौके पर ही जब्त की गई शराब को टीम ने अपने कब्जे में ले लिया और दुकान संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब की बिक्री और ओवररेटिंग में लिप्त दुकानदारों और माफियाओं में हड़कंप मच गया है। घ्आबकारी विभाग ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि अवैध शराब कारोबार और अनियमितताओं पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। यह छापेमारी दर्शाता है कि विभाग नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अपना रहा है और किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

# कार्तिक ने लम्बी कूद में जीता स्वर्ण

## एसएम के छात्र ने बनारस में रचा इतिहास




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो निरंतर मेहनत और समर्पण को अपना मंत्र बनाते हैं। यह बात सच साबित की है एम.एस. पब्लिक स्कूल धनौरा के प्रतिभाशाली छात्र कार्तिक धारीवाल ने। बनारस के संत अतुलानंद कन्वेंट स्कूल, कोईराजपुर में आयोजित सीबीएसई नेशनल एथलेटिक मीट 2025 में कार्तिक ने अपनी शानदार छलांग से सबको चौंकाते हुए लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीत लिया।

यह पहला मौका नहीं है जब कार्तिक ने मैदान पर अपनी काबिलियत साबित की हो। इससे पहले भी वह मदर टेरेसा अकैडमी, बड़ौत में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-19 एथलेटिक प्रतियोगिता में लंबी कूद और ट्रिपल जंप दोनों में गोल्ड मेडल हासिल कर चुका है। लगातार जीत की इस श्रृंखला ने कार्तिक को विद्यालय का सितारा खिलाड़ी बना दिया है। कार्तिक की सफलता से विद्यालय परिवार गदगद है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजली चौधरी ने कार्तिक का हौसला बढ़ाते हुए कहा यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्तिक ने यह साबित किया है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उसकी यह सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी। इस अवसर पर उन्होंने कार्तिक को एक चौक प्रदान कर सम्मानित किया और आगे भी निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की निदेशिका बबीता सिंह ने भी कार्तिक की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कार्तिक जैसे विद्यार्थी हमारी असली पूंजी हैं। स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उसका स्वागत किया। इस मौके पर विकास कुमार, राजेंद्र कुमार, अतुल कुमार सहित पूरा स्टाफ और छात्र गण मौजूद रहे।

# नहीं आए अधिकारी तो करेंगे स्टेट हाइवे जाम

## भाकियू टिकैत ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार मूसाराम थारू को ज्ञापन सौंपकर आगामी 23 सितंबर को होने वाली पंचायत में कई विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की है। देशराज सिंह ने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं। इसी के चलते 23 सितंबर को एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एआर कॉपरेटिव अमरोहा, आरएम क्षेत्रीय प्रबंधक गजरौला, बीडीओ धनौरा, एक्सईन विधुत गजरौला को भेजा जाए। देशराज सिंह ने स्पष्ट कहा, अगर ये अधिकारी पंचायत में नहीं पहुंचे तो हम स्टेट हाईवे जाम करेंगे। किसानों की समस्याएं अब और बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस दौरान बचन सिंह, सौवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, फिरासत अली, नसीम अहमद, वंशीलाल, सतपाल, निरंजन सिंह और वीरेंद्र सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अमरोहा अदब सोसायटी की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मोहल्ला मुल्लाना स्थित बैंकेट हाल में किया गया। जिसमें भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय बरेली की टीम ने नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की। 11 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद की समस्या पाये जाने पर उन्हें बरेली ले जाया गया। कैम्प का शुभारंभ अदनान अशरफ ने किया। इस अवसर पर मौजिज सिद्दीकी, हम्माद अजीज, अनस अब्बासी, शहजाद आलम, अकरम सिद्दीकी, अजीम अब्बासी, जीशान अशरफ, आलम मंसूरी, रिहान अहमद आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत ली सफाई की शपथ



### आज से चलाया जाएगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पालिका में कर्मचारियों आएंव सभासदों से हाथ उठवाकर शहर व इलाके को साफ सुथरा रखें जाने का संकल्प लिया गया।

पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में पालिका अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह तथा नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी की देखरेख में समस्त सभासदों ने "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के तहत स्वच्छता प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, गाँव, नगर और पूरे देश को स्वच्छ रखने का निरंतर प्रयास करेंगे। प्रतिज्ञा में यह प्रण किया गया कि पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा की जायेगी। और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं होगा। साथ ही ऊर्जा और जल का संरक्षण किया जाएगा तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर धरती माता को हरा-भरा बनाए रखा जायेगा। इस धार्मिक आयोजन में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण कराते हुए कहा कि "स्वच्छता केवल बाहरी सौंदर्य नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और ईश्वर की सच्ची उपासना है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छ वातावरण में ही देवताओं का वास होता है और गंदगी से न केवल शरीर अपवित्र होता है बल्कि मन और समाज भी दूषित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक स्वर में प्रतिज्ञा दोहराई और संकल्प लिया, कि स्वच्छता को जीवन का अनिवार्य अंग बनाकर समाज में स्वच्छ एवं स्वस्थ और पवित्र वातावरण का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर बाबू करन सिंह, सभासद मुन्ना चौहान, हम्जा अली समेत समस्त सभासद मौजूद रहे।

## गलत लिंक पर किया क्लिक, खाते से गायब हुए 90 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला सैफीनगर निवासी दिलशाद खान का आरोप है कि उसने 27 अगस्त को एक डिलीवरी देने वाली कम्पनी के कस्टूमर केयर पर फोन करके गलत पार्सल भेजने की जानकारी दी। कॉल पर बताया गया कि एक लिंक भेजा जा रहा है जिस पर क्लिक करने पर पार्सल रिटर्न करने की प्रक्रिया बढ़ेगी। दिलशाद ने जैसे ही लिंक को क्लिक किया, उसके बाद उसका मोबाइल ऑफ हो गया और करीब एक घंटे तक बंद रहा। उसके बाद जब 29 सितम्बर को दिलशाद ने अपना बैंक खाता चैक किया तो उसके खाते से 90 हजार रूपये किसी मनिंदर सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस ने अपनी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# कल्याण करने वाले देवता हैं शिवजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जीवनदीप सत्संग मंडल अमरोहा में जीवनदीप आश्रम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी जी महाराज ने श्री राम कथा के दूसरे दिन कहा कि, रामचरितमानस उस समय लिखा गया जब कागज की फैक्ट्रियां भी नहीं थी पेड़ की छाल एवं पत्तों को कूट-कूट कर कागज बनाया गया।

### श्री राम कथा के दूसरे दिन उमड़े श्रोतागण

जेएस हिंदू इंटर कॉलेज प्रांगण में स्वामी यतींद्रानंद गिरी जी महाराज की सरल, सहज, मधुर वाणी से प्रवाहित हो रही श्री राम कथा की अमृत वर्षा में दूसरे दिन उपस्थित श्रोतागण कथा सुन झूम उठे। कथावाचक ने द्वितीय दिवस की कथा में मनु शतरूपा का चरित्र भानु प्रताप का चरित्र पृथ्वी और देवताओं द्वारा भगवान की स्तुति आदि कथाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तुलसीदास जी ने ग्रंथ की रचना की। राम जी के अवतार से पहले ही वाल्मीकि जी ने यह ग्रंथ लिख दिया। उन्होंने बताया कि शिवजी कल्याण करने वाले देवता हैं। कथावाचक ने प्रसंग सुनाने के दौरान भजन सुनाकर श्रोताओं को भक्ति सागर में गोते लगवाए। घंटो तक श्रोतागण श्री राम कथा का श्रवण करते रहे। इस मौके पर हिरदेश गोयल, आयुष गोयल, रामकुमार शर्मा, नीरज रस्तोगी एवं आलोक गोयल अपनी पत्नी सहित व्यास गद्दी का पूजन किया। कथा में व्यवस्थाओं में रमेश कलाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, दीपक कुशवाहा, अंकुर प्रकाश, सुधीर अग्रवाल, अमित पाल सिंह, ठाकुर हरीश वीर सिंह, मीनाक्षी वर्मा, संयुक्ताचौहान, राहुल चौहान, राजकुमार भार्गव आदि उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू, इस बार 10 दिन का होगा महापर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** इस साल शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर, सोमवार से शुरू हो रहा है, जो इस बार 10 दिन तक चलेगा। यह नवरात्रि कई शुभ योगों के साथ आ रही है, जिससे यह भक्तों के लिए विशेष फलदायी होगी। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के विद्वानों ने राजेंद्रनगर में एक बैठक कर नवरात्रि की तिथियों, शुभ मुहूर्त और पूजन विधि का निर्धारण किया। 10 दिन की नवरात्रि इस बार तृतीया तिथि की वृद्धि के कारण नवरात्रि 10 दिन की होगी।

## केनरा बैंक ने छात्राओं को बांटी साइकिल




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में केनरा बैंक दौरारा द्वारा छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। मंगलवार को विद्यालय के प्रांगण में केनरा बैंक द्वारा छात्राओं को साईकिलों का वितरण किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर ब्रहम दत्त त्यागी, मंडल प्रबंधक मधुर सहगल, प्रबंधक हिमांशु तिवारी, केनरा बैंक के प्रबंधक आकारजीत वर्मा ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केनरा बैंक के द्वारा अनुसूचित वर्ग की मेधावी छात्राओं को 6 साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, बृजेश सिंह, मुनीम कुमार, रामपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, विशेष कुमार, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती रेखा ठाकुर आदि मौजूद थी।

# तहसील में अवैध बसेरे से लेखपाल परेशान

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप खाली कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** तहसील की सरकारी कॉलोनी में अवैध रूप से दूसरे विभागों के कर्मचारियों का डेरा जमाए रहने से नाराज लेखपालों ने बैठक कर जोरदार आक्रोश जताया। लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि खुद लेखपाल बाहर किराए पर रहने को मजबूर हैं जबकि सरकारी आवास पर कब्जा जमाए दूसरे विभागों के कर्मचारी ऐश कर रहे हैं। लेखपाल संघ ने इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग करते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बैठक संगठन के अध्यक्ष विकास यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लेखपालों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लेखपालों ने बताया कि चार वर्ष से क्रॉप कटिंग और कृषि गणना का मानदेय बकाया पड़ा है। इसके अलावा खसरे व खतौनी का प्रिंट उपलब्ध न होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। डाटा चार्जेस, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों का मानदेय भी अभी तक नहीं दिया गया है। महामंत्री अनुज सैनी ने कहा कि एसपीएस योजना स्वैच्छिक है, लेकिन इसे जबरन लेखपालों की पेंशन से काटा जा रहा है। उन्होंने कटौती पर रोक लगाने की मांग की। बैठक में यह भी उठाया गया कि कई लेखपाल साथियों के एएसपी अभी तक नहीं लगाए गए हैं, जिन्हें शीघ्र लगाया जाए। वहीं लेखपाल धनराज यादव, रमेश सैनी और विपिन पाल के अवशेष वेतन बिल व एरियर का भुगतान कराने की मांग की गई। इस मौके पर विशाल सागर, सचिन चौधरी, सचिन सिद्धू, नीतू लेखपाल, रीना, अंकुल, गुंजन, रोहित, मोहित, अमित, विमल शर्मा, वैभव, दीपक समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे

## युवक के साथ मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** घर जा रहे युवक को दो मोटरसाईकिलों पर सवार छह युवकों ने घेर लिया और लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। घायल के पिता की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार साबिर अली पुत्र स्व.अख्तर निवासी नगलिया मेव का पुत्र इकरामुद्दीन शाम के करीब साढ़े चार बजे टोकरा पट्टी अड्डे से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि एक कॉलेज के सामने दो बाइकों पर सवार छह युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडे से मारपीट करके घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** राजकीय महाविद्यालय में 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के अवसर पर एक विचार-गोष्ठी व अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ओजोन परत के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसमें 50 छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता में और 10 छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में मोली गोस्वामी ने प्रथम, प्रेरणा ने द्वितीय और उमेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा चौहान प्रथम, मोली गोस्वामी द्वितीय और विधि शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. गजेंद्र चौहान, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. मदन पाल और डॉ. डी. के. अग्निहोत्री शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार ने किया, जिसकी संयोजिका डॉ. इदरीस रहीं।

## स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर पालिका परिषद गजरौला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, समस्त अधिकारीगण तथा कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने, अपने कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ ग्रहण की। अधिशासी अधिकारी श्री आर्य ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छता को अपनाकर समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें, साथ ही उन्होंने नगर के लोगों से भी आह्वान किया वे भी स्वच्छता अभियान में अपना पूर्ण सहयोग करें। कूड़ा, कूड़ा गाड़ियों में डालें और शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें। शपथ समारोह में लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक इरशाद खान, लिपिक ललित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय शुक्ला, रविंद्र सिंह, कपिल कुमार, साथ ही ओम प्रकाश, नदीम खान, योगेश, दिनेश, दीपू कुमार, यशवीर, गौरव, कपिल भटनागर, शुभम सिंघल, रितिक सिंघल, वंशिक, अमित गौतम, दुष्यंत, राखी, नीतू एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

# विकास योजनाओं की प्रगति सुधारने के निर्देश

## विभागीय रैकिंग व विकास कार्यो की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागीय रैंकिंग एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण/प्रोबेशन, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, कृषि विभाग, लघु सिंचाई विभाग आदि सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत निर्देश देते हुए कार्यवाही संस्था के ठेकेदारों को जो टारगेट दिए गए हैं उनका रजिस्ट्रेशन कराये और उनके विभाग के ठेकेदार द्वारा रजिस्ट्रेशन करा कर सौर प्लांट लगवाये जाये। कहा कि कल तक के रजिस्ट्रेशन वेंडर चयन कराकर उसकी सूचना पीओ नेडा को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि सौर प्लांट लगवाने के अनेक फायदे और जरूरी भी है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पीडीएस गोदाम, तालाबों की प्रगति, ओडीएफ प्लस की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी, पीडीडीआरडीए अमरीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राम को वनवास देख दर्शकों की भर आई आंखे



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली श्री आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में हसनपुर कलां गांव में चल रही रामलीला में कलाकारों ने राम वनवास की लीला का सजीव मंचन कियाद्यरामलीला महोत्सव में माता कैकेई अपने बेटे भरत को राजगद्दी और प्रभु श्रीराम को चौदह वर्ष वनवास भेजने का वचन राजा दशरथ से मांगती हैद्यकैकेई की मांगे सुनकर राजा दशरथ गश्त खाकर धरती पर गिर पड़ते हैंद्यमर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मां की बातों को सुनकर एवं रघुकुल की रीत का निर्वाह करते हुए वनवास के लिए निकल पड़ते हैंद्यजिसे देख दर्शकों की आंखें भर आईंद्य कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष रणवीर सिंह पंवार, ग्राम प्रधान प्रवीण कपासिया, कौशिन्द्र भाटी, शौबिन्द्र भाटी, खजान सिंह, धीरज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रशांत लेखपाल, कर्मवीर सिंह कटारिया,ऋषिपाल सिंह, पुष्पेन्द्र गोला,कालू गोला, रोहतास सिंह,मदन गोला, जगपाल सैनी, शेर सिंह सैनी,बब्लू सैनी कमल सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए अन्य राज्यों के मॉडल ड्राफ्ट का अनुसरण करेगा यूपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए और अधिक प्रभावी योजनाएं बनाने को लेकर अन्य राज्यों में चल रही योजनाओं के मॉडल ड्राफ्ट का अनुसरण करने के निर्देश दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को दिए हैं।



उन्होंने कहा कि वहां पर इन वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं का स्थलीय अध्ययन कर सकारात्मक पहलों को विभागीय योजनाओं में शामिल किया जाएगा। मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को जिला स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रमाण पत्र और उपकरण वितरित कराया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नई तकनीकों से परिचित कराया जाए तथा उन्हें अन्य संस्थानों का भी भ्रमण कराया जाए ताकि वे आधुनिक पद्धतियों को आत्मसात कर दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दे सकें। बैठक के बाद नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजन भरण-पोषण अनुदान योजना एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने जिलों में मोटराइज्ड साइकिल वितरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर वितरण की गति को तेज करें। इसके साथ ही, दिव्यांग व्यक्ति प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत विवाह करने वाले दिव्यांग दंपतियों के लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक रणनीति तैयार की जाए।

# एसआईटी ने शुरू की नोनहरा थाने में हुए लाठीचार्ज मामले की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नोनहरा थाने में पुलिस के कथित लाठीजार्च की जांच तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुरु कर दी है। आरोप है कि नोनहरा थाने में हुए लाठीचार्ज में भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय (35) की मौत हुई है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एसएचओ समेत 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

भाजपा कार्यकर्ता की मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए रविवार को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी का नेतृत्व वाराणसी के काशी क्षेत्र के डीसीपी गौरव बंसवाल कर रहे हैं जिसमें एडीसीपी अंशुमान मिश्रा और एसीपी कैंट नितिन तनेजा सदस्य बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि टीम घटना और उसके कारणों की विस्तृत जांच करने गाजीपुर पहुंच चुकी है। यह घटनाक्रम गुरुवार को नोनहरा एसएचओ समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और पांच अन्य को लाइन हाजिर करने के बाद हुआ है। गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट ने भी मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि, 10 सितंबर की देर रात बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों ने नोनहरा थाने पर धरना दिया। आधी रात के बाद स्थिति बिगड़ गई। पुलिस ने कथित तौर पर लाठीचार्ज किया जिसमें उपाध्याय घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिवार के साथ एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाक़ात की थी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने नोनहरा कांड के मृतक सियाराम उपाध्याय के पिता और भाई के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानक. ारी दी थी। इससे पहले नोनहरा की घटना को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर योगी से प्रभारी राकेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय और पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह मिले थे। इस संदर्भ में भाजपा के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने बताया कि नोनहरा घटना की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई।

## आगरा में बुजुर्ग दंपति की आग में झुलसकर मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के लक्ष्मी नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग दम्पत्ति की आग में झुलस कर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तड़के करीब पांच बजे घर में लगी आग में भगवती प्रसाद (92) और उर्मिला (85) की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दो मंजिला मकान की पहली मंजिल पर दोनों वृद्ध रहते थे। परिवार के अन्य लोग दूसरी मंजिल पर रहते हैं। मकान को पहली मंजिल की गली में इलेक्ट्रिक स्कूटर को चार्ज करने के लिए लगा दिया था। सुबह के वक्त सभी घर में सो रहे थे और अचानक से इलेक्ट्रिक स्कूटर में शार्ट सर्किट हो गया।

# पशुओं को लम्पी रोग से बचाने के लिए बिहार सीमा पर लगा लॉकडाउन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार से सटे पूर्वांचल के सात जिलों में पशुओं को लम्पी रोग से बचाने के लिए बार्डर पर लॉक डाउन लगा दिया गया है, जिससे संक्रामक पशु बार्डर को पार कर अंदर न आ सके।

इस बीमारी से कुल 11 जिले प्रभावित हैं जिसमें चंदौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, मऊ, संतकबीर नगर एवं महाराजगंज शामिल है। इन जिलों में लगभग 9353 एलएसडी (लम्पी स्किन डिजीज) से प्रभावित गोवश हैं। जिनमें उपचार उपरान्त 6769 पशु ठीक हो गए हैं तथा 2584 पशुओं का उपचार किया जा रहा है। प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि बिहार सीमा से लगे 11 जिले एलएसडी रोग से प्रभावित है तथा इनसे सटे कुछ जिलों में छिटपुट गोवशीय पशुओं में एलएसडी के लक्षण पाये जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि एलएसडी के प्रभाची रोकथाम के लिए प्रदेश में 61-20 लाख डोज गोट पाक्स वैक्सीन उपलब्ध है, जिसके माध्यम से पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। गोट पाक्स वैक्सीन मुख्यतय: बकरियों में चेचक रोग के रोकथाम हेतु लगायी जाती है। पूर्व में एलएसडी डेडिकेटेड वैक्सीन की अनुउपलब्धता के कारण इसका उपयोग गोवंश में लम्पी रोग नियंत्रण के लिए किया जाता रहा है। श्री सिंह ने बताया कि रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं निवारण की आकस्मिकता के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के निर्देश पर आईवीआरआई द्वारा नवीन विक. सित 'लम्पी प्रोवैक' वैक्सीन की 60000 खुराक बैंगलौर से मंगवा ली गई है, जिसे पूर्वांचल के अधिक प्रभावित जनपदों, गोरखपुर एवं समीपवर्ती के जनपदों में युद्ध स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाकर एलएसडी रोग के नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। जबकि पूर्ण प्रभावित क्षेत्रों में बेल्ट वैक्सीनेशन के अन्तर्गत 1447 ग्रामों व छिटपुट प्रभावित 2558 ग्रामों में रिंग वैक्सीनेशन का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य की सीमा से लगे जिलों की सीमा पर 10 किमी की बेल्ट बनाकर सभी गोवंशों में टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देवरिया में 16 पशु चिकित्साविदों तथा कुशीनगर में सात पशु चिकित्साविदों की एक संयुक्त निदेशक के निर्देशन में टीम भेजी।

# मलिक की गिरफ्तारी गैरकानूनी: संजय सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जम्मू कश्मीर के डोडा विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी को पूरी तरह से ग़ैरक़ानूनी और भाजपा की जनविरोधी मानसि. कता करार दिया है।



उन्होंने कहा कि मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में पूरा जम्मू कश्मीर सड़क पर है। आम आदमी पार्टी सदन से लेकर सड़क व कोर्ट तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ेगी। मंगलवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संजय सिंह ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार की पुलिस व जांच एजेंसियों का मकसद सिर्फ़ इतना है कि जहां भी आप की लोकप्रियता बढ़े, वहां उसका गला घोंट दिया जाए। उन्होंने बताया कि मेहराज मलिक अस्पताल और जनता के हक़ की लड़ाई लड़ रहे थे, लेकिन भाजपा की पुलिस ने उन पर आतंकवादियों पर लगने वाली धाराएं थोपकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि मैं जब श्रीनगर में प्रेस वार्ता करने पहुंचा तो मुझे गेस्ट हाउस में हाउस अरेस्ट कर लिया गया। यहां तक कि कई बार के मुख्यमंत्री और सांसद रह चुके फारूक अब्दुल्ला तक को उनसे मिलने नहीं दिया गया। उन्होने बताया कि अक्टूबर 2024 में आप प्रत्याशी मुदस्सिर हुसैन और उनके साथी यूनुस भाई को जनता से चुनाव लड़ने के लिए सहयोग राशि लेने के आधार पर प्रताड़ित किया गया। उन्हें 1 साल के बाद जब मेहराज मलिक का मामला तूल पकड़ने लगा तो क्राइम ब्रांच ने बुलाकर आठ घंटे उन्हें बेवजह प्रताड़ित किया। जबकि भाजपा हजारों करोड़ के घोटालेबाज़ों को गले लगा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को भाजपा सीने से लगाती है और ईमानदार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को आतंकवादी बताकर जेलों में ठूंसती है।

# नेपाल से सटे बॉर्डर के जिलों में हो रहा शिक्षा का कायाकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेपाल से सटे बार्डर के सात जिलों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अब तक 198 गांवों के 229 स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।

विभाग के मुताबिक अब यहां बच्चे सिर्फ टाट-पटी पर नहीं, बल्कि स्मार्ट क्लास और टैबलेट्स की मदद से पढ़ाई कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक नेपाल से सटे बार्डर के जिलों में बहराइच, बलरामपुर, खीरी, महाराजगंज, पीलीभीत, श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर में 2017 से पहले शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा नहीं था। बच्चों को किताबों और ब्लैकबोर्ड तक ही सीमित रहना पड़ता था। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। बच्चों को टैबलेट और स्मार्ट क्लास की मदद से पढ़ाना आसान हो गया है।

अधिकारियों ने बताया कि वाइब्रेंट विलेजेस के तहत चिन्हित गांवों के बच्चों ने ग्रेड 3 और ग्रेड 6 की परख परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# ग्रामीण पत्रकारों को भी मिले आयुष्मान योजना का लाभ: देवबख्श

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देवबख्श वर्मा ने ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग की है। वर्मा ने जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए राज्य मुख्यालय लखनऊ में कार्यालय उपलब्ध कराया जाय।

मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिले , ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए और आंचलिक पत्रकारिता कर रहे बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिक दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए ताकि अनावश्यक उत्पीड़न को रोका जा सके। राज्य जिला स्तर पर स्थाई समिति की तरह तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसर के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक बुलाई जाए। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन ने मांग किया कि प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत्यु ग्रामीण पत्रकारों के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह पांच लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाए इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहतकोष से बीस लाख रुपए की आर्थिक मदद की जाए।

वर्मा ने मांग किया कि ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकारिता के नाम पर अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाए। क्योंकि ग्रामीण पत्रकार संगठन अपनी संख्या बल के आधार पर प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है और इसकी मांगे जायज है ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री को इस पर गहन विचार करके ग्रामीण पत्रकारों की मांग को पूरा किया जाना चाहिए।

# भाजपा की पूर्व विधायिका के बेटे पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व विधायक के पुत्र पर दबंगई का आरोप लगाया है।

श्री राय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा ‟ वाराणसी की पवित्र धरती पर बीज. ेपी की पूर्व विधायिका सुनीता सिंह के बेटे की दबंगई। परिवार का गेट बंद कर जबरन बाउंड्री पर कब्ज़ा। क्या यही है भाजपा का ष्सुशासनष। जहां सत्ता संरक्षित गुंडे खुलेआम अत्याचार करें और पीड़ित दर-दर भटकें। जनता सब देख रही है, अब अन्याय करने वालों को जवाब देना होगा। दरअसल वाराणसी में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो भेलूपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहा इलाके का बताया जा रहा है। डीसीपी काशी ने इस प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखकर बताया ‟ प्रकरण भूमि व रास्ते संबंधित विवाद का है, शांति व्यवस्था हेतु दोनों पक्षों को पाबंद किया गया है।

## तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के मांडा में सोमवार शाम तालाब में स्नान के दौरान 13 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई है। किशोरी अपने नाना दरबारी लाल प्रजापति के घर मांडा इलाके के बनवारी खास गांव में रह रही थी।घटना सोमवार शाम साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। छाया नामक किशोरी पडोस में रहने वाले छोटू (5) के साथ अपने घर से महज 100 मीटर दूर स्थित तालाब के पास स्नान करने गई थी। पैर फिसलने से दोनों तालाब के गहरे पानी में डूबने लगे। पास के खेत से घर लौट रहे राजाराम प्रजापति ने बच्चो की शोर सुनकर दोनों को बाहर निकाला। छाया को लालगंज सीएचसी ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# बादल फटने की घटनाओं के पीछे मानवीय अतिक्रमण भी जिम्मेदार: प्रो ध्रुवसेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देहरादून के सहस्त्रधारा में सोमवार देर रात बादल फटने के चलते आई तबाही के लिए प्रकृति के साथ मानवीय अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराते हुये लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रसिद्ध भूगर्भ शास्त्री प्रो ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या दबाव के कारण मानव ने आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में भी निवास करना प्रारंभ कर दिया है।



जिसके चलते धनहानि के साथ ही जनहानि भी देखने को मिल रही है। दो बार उत्तरी ध्रुव का दौरा कर चुके प्रो सिंह ने बताया कि इस वर्ष मानसून अल नीनो और लानीना से प्रभावित न होने के कारण सामान्य या सामान्य से कुछ ज्यादा रहा। परिणाम स्वरूप सामान्य या सामान्य से ज्यादा बारिश देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों एवं दशकों में जनसंख्या के लगातार जमीन पर बढ़ रहे दबाव के कारण मानव ने आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में भी निवास करना प्रारंभ कर दिया है। उन्होने कहा भारत में पूरे विश्व का करीब ढाई प्रतिशत भूभाग है, जिस पर दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी निवास करती है। लोगों को यह पता है कि यह आपदा ग्रस्त क्षेत्र है, तब भी वह रहने के लिए विवश हैं। उन्होंने कहा कि गंगोत्री एवं केदारनाथ पर विधिवत अध्ययन करने के उपरांत एवं 2013 में केदारनाथ की आई हुई आपदा के बाद हुए अध्ययन से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अगर नदी में पानी बहने के लिए स्थान बचा हुआ है, तो वह नदी विकराल रूप नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा कि लैंडस्लाइड के कारण भी नदी की धारा बहुत सी जगहों पर बदल जाती हैं। जिसके परिणाम स्वरूप इन स्थानों पर अल्पकालिक झीलें बन जाती है। धीरे धीरे इन झीलों में पानी का दबाव बढ़ता जाता है और एक समय बाद वह फट जाती है। जिसके परिणामस्वरूप वह भी आपदा का कारण बनती है। बहुत से हिमनदों के पास स्थित झीलों में भी पानी भर जाता है और वह झील भी पानी की दबाव के कारण फट जाती है। प्रो ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि बादल फटने का तातपर्य सीमित स्थान पर कम समय मे अत्यधिक वर्षा से है। बादल फटने के चलते भारी बारिश के पानी को पहाड़ से सीधे नीचे आना चाहिए, पर वह पानी पहाड़ से चलता है तो रास्ते मे अनियोजित विकास के चलते आने वाले सभी चीजों को तहस-नहस कर देता है। इसमें सबसे बघ योगदान गोल्फ (ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड) और एलएलओ (लैंडस्लाइड लेक आउट) का होता है। बादल फटने के दौरान बारिश के चलते हिमनदों और लैंडस्लाइड के चलते बनी झीलों में पानी का जब अत्यधिक दबाव बनता है तो यह फट जाती हैं और तबाही का कारण बनती हैं। उन्होंने कहा कि बादल मुख्य रूप से तब फटते हैं जब बहुत ज़ड़ादा नमी से भरा बादल पहाड़ों जैसे किसी अवरोध से टकराकर अचानक ठंडी हवा के संपर्क में आती है। जिससे उसमें मौजूद पानी की बूंदें एक साथ होकर भारी घनत्व का बादल बना लेती हैं, और यह बादल एक ही सीमित दायरे में तेज़ी से पानी गिराता है। उन्होंने कहा कि यह घटना जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों से बढ़ रही है, क्योंकि गर्म हवा में ज़ड़ादा नमी समा सकती है, जिससे बादल फटने की संभावना बढ़ जाती है। गौरतलब है कि इस वर्ष धराली, जम्मू कश्मीर, वैष्णो देवी, रामवन, किश्तवाघ सहित कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। जिनमे व्यापक पैमाने पर तबाही देखनको मिली है।

## एक नजर

### कैसरबाग में 150 साल पुराना पीपल का पेड़ गिरा, एक की मौत, चार घायल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग थाना क्षेत्र स्थित मछली मंडी में मंगलवार को लगभग 150 साल पुराना विशाल पीपल का पेड़ अचानक गिर गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान रामू दादा के रूप में की गई है। हादसे में दो मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। पेड़ गिरने की सूचना पर स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, नगर निगम और दमकल विभाग की टीमों ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। पेड़ की शाखाओं को काटकर दबे हुए लोगों को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) बबलू कुमार और जिलाधिकारी विशाख जी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार का भरोसा दिलाया। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों का जायजा लेने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत की और समस्याओं की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि घायलों को उचित इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है और उनकी स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है।

### मिर्जापुर में बिजली गिरने से पिता पुत्र की मौत, चार गंभीर

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के हलिया क्षेत्र में सोमवार शाम बिजली गिरने से पिता पुत्र की झुलस कर मृत्यु हो गई जबकि मड़िहान थाना क्षेत्र में एक महिला व बालक सहित चार अन्य झुलस गए हैं। हलिया थाना प्रभारी राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि बीती देर शाम गरज चमक के साथ बारिश के बीच बिजली गिरी जिसमें गौरा गांव निवासी राजेश (35) व उसके सात साल का बेटा दीपक कुमार की झुलस की मृत्यु हुई है। दोनो जंगल में पशुओं को चराने के लिए गए थे। घर वापस लौटते समय अचानक गरज के साथ वर्षा शुरू हो गई दोनों बचने के लिए पलास के पेड़ के नीचे चले गए उसी समय आकाशीय बिजली गिरी जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसी गांव के दिनेश का 11 वर्षीय पुत्र अपने दरवाजे पर बैठा था। आक. ाशीय बिजली की चपेट में आ कर झुलस गया है उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मड़िहान थाना क्षेत्र के अमोई व पंडरिया गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार अमोई गांव निवासी शंकरपाल (40) तथा पंडरिया गांव की अपवंती देवी (30) इसी गांव की साधना (13) सोमवार शाम को खेत से घर लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आये है। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां सभी खतरे से बाहर है। जिलाधिकारी कार्यालय के सूत्रों ने बताया है कि आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### सड़क हादसे में अध्यापिका की मौत, पति घायल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना जलालाबाद क्षेत्र में सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े ट्रक में घुस गई। इस हादसे में अध्यापिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अजय कुमार राय ने मंगलवार को बताया कि थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर के रहने वाले नवीन सक्सेना पत्नी प्रगति सक्सेना अपने बच्चे के साथ अस्पताल से घर वापस आ रहे थे।तभी बारह पत्थर के पास सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।इस हादसे में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की अध्यापिका प्रगति सक्सेना (48)की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके पति नवीन सक्सेना (52) गम्भीर रूप से घायल हो गए।बच्चा पीछे की सीट पर बैठे होने से बच गया। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्रगति सक्सेना को मृत घोषित कर दिया। पति की गम्भीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, मौत

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के सरेनी इलाके में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर अधेघ उम्र व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित होकर गांव वालों ने सघ्क पर शव रख कर सघ्क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरेनी थाना क्षेत्र के चन्द्रमणि गांव में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे तेघ रघ्तार ट्रक की चपेट में आकर 55 वर्षीय ओमप्रकाश मिश्रा उर्फ मुन्ना की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के विरोध में गांववालों ने शव सघ्क पर सघ्क जाम कर दी। बताया गया कि सुबह मुन्ना मिश्रा कहीं जा रहे थे कि उन्हें तेघ रघ्तार ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार गांववालों की सघ्क को बनाने की भी मांग थी जिसके कारण गांववालों शव सघ्क पर रख कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने किसी तरह से गांववालों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। गांववालों का कहना था कि सघ्क खराब होने से लोगो की जान को खतरा बना रहता है। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार किशोरी की मृत्यु

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मछली शहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार किशोरी की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के खरुववा गांव निवासी बृजलाल की 20 वर्षीय पुत्री नेहा बाइक से दवा लेने के लिए मछली शहर जा रही थी, जब बाइक परशुपुर के पास से गुजर रही थी उसी समय एक ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर भी मौत हो गई।

# यमुना प्राधिकरण के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

■ 2500 करोड़ की भूमि अतिक्रमण मुक्त





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिसूचित एरिया में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ आज बड़ी कार्यवाही की गई। प्राधिकरण द्वारा जनपद बुलंदशहर क्षेत्र के झाझर और ककोड़ में भू-माफिया द्वारा काटी गई अवैध कालोनियों पर यीडा की टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 2500 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। जो पुलिस बल देखकर भाग गए।

इन दिनों यमुना प्राधिकरण भू-माफियाओं के विरूद्ध एक्शन में है। यमुना सीईओ राकेश कुमार सिंह के सख्त निर्देश पर प्राधिकरण के आला-अफसरों द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है।

मंगलवार को यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण के लिए सीईओ राकेश कुमार सिंह के कड़े निर्देशों व जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशन के क्रम ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद बुलंदशहर क्षेत्र के झाझर व ककोड़ में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में दोनों गांव की लगभग 250 बीघा अधिसूचित भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। जिसकी बाजारू कीमत लगभग 2500 करोड़ रुपए है।

ओएसडी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान ऐरोनेस्ट कॉलोनाइजर झाझर, श्री राधा गौरी एनक्लेव ककोड़ तथा रुद्र प्रॉपर्टीज ककोड़ जैसी अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। ओएसडी ने अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखने की बात कही है तथा भोले - भाले खरीददारों को ऐसे प्रॉपर्टी डीलरों से सतर्क रहने का भी संदेश दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर प्राधिकरण के डिप्टी कलेक्टर शिवअवतार सिंह, ओएसडी अजय कुमार शर्मा, ओएसडी अभिषेक शाही, ओएसडी कृष्ण गोपाल त्रिपाठी समेत बुलंदशहर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों समेत प्राधिकरण के अन्य अधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

वहीं यीडा के अधिकारियों ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि अवैध रूप से जमीन कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अगर किसी कॉलोनाइजर से अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदा है तो रजिस्ट्री का प्रपत्र लेकर पुलिस से शिकायत करें। साथ ही इसकी एक कॉपी प्राधिकरण को भी उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा है कि यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। यमुना क्षेत्र में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति व संस्था द्वारा किसी प्रकार की कोई जमीन की खरीद-फरोख्त की जाती है तो उसमें होने वाले किसी भी प्रकार की लाभ-हानि के लिए यमुना प्राधिकरण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, उसके लिए व्यक्ति व संस्था स्वयं जिम्मेदार होगा।

# नोएडा टोल ब्रिज कंपनी को 100.71 करोड़ का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बीते सात साल के दौरान का अतिरिक्त शुल्क मांगने के लिए टोल ब्रिज कंपनी को 100 करोड़ 71 लाख रुपये का नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग सड़कों के हिसाब से प्राधिकरण ने विज्ञापन के शुल्क तय कर रखे हैं। नोएडा के हिस्से में विज्ञापन लगवाने का अधिकार डीएनडी को संचालित कर रही नोएडा टोल ब्रिज कंपनी के पास है।

डीएनडी के संचालन के समय से ही प्राधिकरण ने यहां पर नोएडा टोल ब्रिज कंपनी से विज्ञापन शुल्क लेने के लिए कम दरें तय कर रखी थीं। इसकी वजह यह है कि डीएनडी को लेकर नोएडा प्राधिकरण व टोल ब्रिज कंपनी के बीच एग्रीमेंट हो रखा है। साल 2016 से डीएनडी टोल फ्री चल रहा है। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय ने कुछ महीने पहले ही इसके एग्रीमेंट को लेकर सवाल भी उठाए थे।

**2018 से 2025 तक मांगा अतिरिक्त बकाया:** दस साल से डीएनडी के टोल फ्री होने समेत अन्य वजहों के चलते अब नोएडा प्राधिकरण ने टोल ब्रिज कंपनी को विज्ञापन का अतिरिक्त शुल्क लेने के लिए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी को नोटिस जारी किया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोटिस के जरिए अप्रैल 2018 से अप्रैल 2025 का अतिरिक्त बकाया मांगा है।

**500 रुपये प्रति स्कवायर फिट से मांगा पैसा:** अधिकारियों ने बताया कि टोल ब्रिज कंपनी अभी 125 रुपए स्कवायर फिट के हिसाब से नोएडा प्राधिकरण को विज्ञापन लगवाने का भुगतान कर रही है। अब बीते सालों में दो-तीन बार विज्ञापन के रेट में इजाफा किया है।

इस समय डीएनडी जैसी मुख्य सड़क पर विज्ञापन का शुल्क 500 रुपए प्रति स्कवायर फिट है। इसी हिसाब से गणना करते हुए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी से पिछले सात साल का बकाया मांगा गया है। नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक विश्वास त्यागी ने बताया कि टोल ब्रिज कंपनी को बकाया जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

**बकाया नहीं देने पर होगी कार्रवाई:** तय समय में बकाया नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण की जांच में सामने आया कि टोल ब्रिज कंपनी डीएनडी पर अलग-अलग कंपनियों के होर्डिंग्स लगवाकर अधिक मुनाफा कमाती है लेकिन नोएडा प्राधिकरण को न्यूनतम दर से भी भुगतान करती आ रही है। गौरतलब है कि डीएनडी के आसपास काफी खाली जमीन पड़ी है।

कुछ साल पहले तक करीब 300 एकड़ से अधिक जमीन खाली पड़ी थी। खाली जमीन का सटीक आंकलन करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने सर्वेक्षण कराने का निर्णय ले रखा है।

## बाइक सवारों ने दो लोगों से मोबाइल फोन छीने

**नोएडा।** निठारी गांव निवासी हिमांशु सिंह सोमवार की रात सेक्टर-19 जा रहे थे। बिजलीघर के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल झपट कर ले गए। सेक्टर-68 के ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी ब्रजेश कुमार नौ सितंबर की रात घर के पास मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल छीन कर भाग गए। बदमाशों ने ब्रजेश को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

# फैक्ट्री में भीषण आग, आठ गाड़ियों ने घंटों बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के फेज-2 थाना क्षेत्र के होजरी कॉम्प्लेक्स स्थित प्रोसेस कंपनी लिमिटेड की फैक्ट्री के बेसमेंट गोदाम में अचानक आग लग गई। मंगलवार को आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब 8 दमकल गाड़ियों की सहायता से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



**रात डेढ़ बजे मिली सूचना:** मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना रात करीब डेढ़ बजे प्राप्त हुई। आग फैक्ट्री के बेसमेंट स्थित स्टोर में लगी थी, जिससे बचाव कार्य में दिक्कत हुई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। बिल्डिंग के ऊपरी मंजिलों पर रखा सामान सुरक्षित निकाल लिया गया।

**मोमबत्ती और अगरबत्ती बनती है:** जिस फैक्ट्री में आग लगी है वहां पर मोमबत्ती और अगरबत्ती बनाने का काम होता है। शार्ट सर्किट से आग लगने की घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

**लगातार लग रही आग:** दो दिन पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंशिया सोसायटी के एक फ्लैट में आग लगने की घटना सामने आई थी। फ्लैट मालिक विकास मणि शाम को करीब सवा चार बजे बालकनी के पास बने स्टोर रूम से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग की लपटें फैल गई।

आग से स्टोर रूम में रखा कूलर, हीटर और बच्चों का पालना जलकर राख हो गया।

## एक नजर

### युवक को पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** इकोटेक-3 क्षेत्र के डी पार्क तुस्याना कट के पास काम से लौट रहे युवक पर चार लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। बुलंदशहर के विनीत कुमार वर्तमान में इकोटेक-3 स्थित न्यू होलैंड चौक के गोदाम में कार्यरत हैं। 5 जून 2025 की शाम वह ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। जब वह डी-पार्क तुस्याना कट के पास पहुंचे, तभी अमित, आंसू और उनके साथ आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने अचानक उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और मारपीट करते हुए गालियां दीं। घटना में विनीत को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल न्यूमेड हॉस्पिटल सेक्टर-10 में भर्ती कराया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### उद्यमियों की शिकायत पर क्या बोले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने मंच से कहा कि नोएडा के उद्यमियों की शिकायत व समस्या निस्तारण को प्राधिकरण हर समय तैयार है। अगर किसी उद्यमी की कोई शिकायत या समस्या है तो वो पत्र देने के साथ ही मुझसे व्यक्तिगत मिल सकता है। मैं ह्वाट्सऐप पर अगर किसी उद्यमी की शिकायत पाता हूं तो जिम्मेदार अधिकारी को मौके पर भेजता हूं। देश के दूसरे औद्योगिक शहरों की तुलना में नोएडा अलग है। यह सिर्फ औद्योगिक शहर नहीं है। आवासीय व वाण्याजिक हब भी है। इसलिए यहां की चुनौतियां भी अलग हैं। सीईओ ने कहा कि हम चाहते हैं, जहां पर इंडस्ट्री है। उसके आस-पास ही कर्मचारी से लेकर सीईओ तक रहें। न्यू नोएडा में जो उद्यमी इंडस्ट्री लगायेंगे, जो कर्मचारी काम करने को आएंगे। इनके रहने की जरूरत को पूरा किया जाएगा।

### जिम से घर लौटे रहे युवक से मारपीट में चार युवक गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने प्रोव्यो टेक्नो सिटी सोसायटी में जिम से लौट रहे युवक से मारपीट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बोबेन्द्र उर्फ बाबी निवासी सेक्टर जू-3 व भारत निवासी गांव सुनपुरा, अभिषेक डांगर निवासी निम्बस-1 सोसाइटी व सचिन यादव निवासी निम्बस-1 सोसाइटी के रूप में हुई है। सोसाइटी निवासी पीड़ित लोकेश ने केस दर्ज कराया था कि 11 सितंबर की रात वह जिम से लौट रहे थे। जैसे ही वह सोसायटी गेट के अंदर पहुंचे। तभी पीछे से आए करीब 10 से 12 युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया और लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। हमलावरों ने उसके साथ खड़े सचिन शर्मा को भी नहीं छोड़ा और उसकी भी पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया था। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त चार आरोपी बोबेन्द्र उर्फ बाबी भाटी, भारत, अभिषेक डांगर व सचिन यादव को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नौवें दिन भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, रजिस्ट्रार के खिलाफ निकाली रैली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सब रजिस्ट्रार कार्यालय ग्रेनो वेस्ट में स्थानांतरण किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं की नौवे दिन भी हड़ताल जारी रही। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को डीआईजी रजिस्ट्रार के पुतले की शवयात्रा निकाली। पूरे नगर में घुमाते हुए श्मशान घाट पर दहन कर आक्रोश जताया। इस दौरान करीब 15 संगठन शामिल रहे। मंगलवार को अधिवक्ता एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और नारेबाजी की। अधिवक्ताओं एवं सामाजिक संगठनों कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि तहसील से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय को ग्रेनो वेस्ट में स्थानांतरण किया जाना अधिवक्ता एवं क्षेत्र की जनता के साथ धोखा है। गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को वहां पहुंचने में बेहद परेशानी होगी। बार एसोसिएशन दादरी को जिला बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट में प्रस्ताव पारित कर आंदोलन में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

# नोएडा में आवारा कुत्तों का टीकाकरण अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर नोएडा में आवारा कुत्तों के लिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण और डीवार्मिंग (कीड़े की दवा) अभियान शुरू कर दिया गया है। यह पहल पीपल फॉर एनिमल्स, वसुंधरा एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट और हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स जैसी संस्थाओं के सहयोग से चलाई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार 15 और 16 सितम्बर को लगभग 80 आवारा कुत्तों का सफलतापूर्वक टीकाकरण और डीवार्मिंग किया गया। इसके साथ ही आरडब्ल्यूए और संबंधित विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न सेक्टरों और गांवों में इन कुत्तों के भोजन स्थलों की भी पहचान की गई।।अभियान को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 15 सितम्बर से लेकर आगामी 14 अक्टूबर तक पहले चरण में 41 गांव/सेक्टर और 13 नवम्बर तक दूसरे चरण में 50 से अधिक क्षेत्रों को कवर किया जाएगा।

प्रत्येक कुत्ते का रिकॉर्ड तैयार कर सुरक्षित डाटा भी रखा जा रहा है।।जिला प्रशासन का कहना है कि यह अभियान न केवल पशुओं की सेहत की सुरक्षा के लिए है, बल्कि मानव समाज को रेबीज जैसी बीमारियों से बचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

## दुकान के सामने ठेली लगाने पर दो सगे भाइयों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के पतवाड़ी गोल चक्कर पर दुकान के सामने ठेली लगाने को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार ने ठेली लगाने वाले दो सगे भाइयों के साथ मारपीट कर दी। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पतवाड़ी गोल चक्कर पर अच्छेजा गांव के रहने वाले विकास उर्फ बबलू और नकुल उर्फ नंदू की मिठाई की दुकान है। उनकी दुकान के सामने दो सगे भाई प्रेमपाल और कल्याण ठेली लगाते हैं। दुकानदार विकास का दुकान के सामने ठेली लगाने को लेकर दोनों भाइयों से विवाद हो गया।

# अजनारा होम्स में 15 मिनट तक दो फ्लोर के बीच अटकी रही लिफ्ट, बुजुर्ग महिला घबराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी में लिफ्ट अटकने की घटना सामने आई है। लिफ्ट में चार महिलाओं समेत कुल आठ लोग सवार थे। लिफ्ट ऊपर के फ्लोर की तरफ जा रही थी। अचानक लिफ्ट में झटका लगा और वह दो फ्लोर के बीच रुक गई। लिफ्ट में मौजूद लोगों के मोबाइल में नेटवर्क नहीं था। एक बुजुर्ग महिला घबराने लगी। लोगों ने इमरजेंसी बटन दबाया। गार्ड और टेक्नीशियन ने पहुंचकर लिफ्ट खोली और सभी को बाहर निकाला। लिफ्ट करीब 15 मिनट तक अटकी रही।




लिफ्ट में फंसे एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो में उन्होंने बताया कि लिफ्ट का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। यह लिफ्ट अक्सर अटकती रहती है। लिफ्ट एक्ट लागू होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बिल्डर पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि यहां उनकी जान की कोई कीमत नहीं है।

# कब्रिस्तान की जमीन पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव में कब्रिस्तान के लिए आवंटित जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। प्राधिकरण ने सोमवार को सपेरा समाज को 2200 वर्ग मीटर जमीन कब्रिस्तान के लिए दी थी। मंगलवार को गांव की पंचायत के बाद अन्य समाज के लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।



ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन आबादी क्षेत्र के बिल्कुल पास है। वे अपने घरों के नजदीक कब्रिस्तान नहीं बनने देंगे। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

इस विवाद से पहले रविवार को एक महत्वपूर्ण घटना हुई थी। सपेरा समाज के लोगों ने एक वृद्ध महिला का शव इसी जमीन पर दफनाया था। महिला का शव 24 घंटे से अधिक समय तक धरने के दौरान वहीं रखा गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार को आकर जमीन आवंटित की थी। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस गांव में तैनात है। दनकौर कोतवाली पुलिस मामले पर नजर रख रही है। प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

ग्रामीण कब्रिस्तान के विरोध में नहीं हैं। उनकी मांग है कि इसे आबादी से दूर बनाया जाए। वहीं सपेरा समाज के लोग अपनी बात पर अडिग हैं। उनका कहना है कि जब एक अंतिम संस्कार हो चुका है, तो कब्रिस्तान यहीं विकसित किया जाए।

## दुष्कर्म मामले में पिता की जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने सौतेली बेटी के साथ यौन शोषण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में करीब एक साल पहले नोएडा के फेज-3 कोतवाली में केस दर्ज करवाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता की मां का निधन हो गया था। उसकी दो बड़ी बहनें अपने ननिहाल झारखंड में रहती हैं, जबकि 10 वर्षीय पीड़िता अकेली सौतेले पिता के साथ रहती थी। आरोप है कि पिछले दो वर्षों में आरोपी पिता ने बच्ची के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस घटना के संबंध में नौ अगस्त 2024 को केस दर्ज करवाया गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए कहा कि आरोपी को जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं बनता। ऐसे में आरोपी की जमानत याचिका को खारिज किया जाता है।

# डेंगू- मलेरिया की रोकथाम को लेकर प्राधिकरण की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को डेंगू व मलेरिया नियंत्रण को लेकर विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विस्तृत चर्चा के बाद रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कई ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में तय किया गया कि नोएडा क्षेत्र में आवासीय सोसायटियों, सेक्टरों और कॉलोनियों में नियमित फॉगिंग कराई जाएगी। गड्ढों व खाली प्लॉटों में जमा पानी की सफाई की जाएगी और टायर, कूलर व अन्य बर्तनों में पानी न ठहरने देने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों में विशेष बैठकों के माध्यम से डेंगू-मलेरिया की रोकथाम से संबंधित जानकारी दी जाएगी। औद्योगिक व वाणिज्यिक क्षेत्रों में भी सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला अस्पताल में डेंगू मरीजों के लिए अलग से वार्ड तैयार रखने, दवाओं व उपकरणों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम स्तर पर प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक गाँव में एक जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति की जाएगी, जो नियमित रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपेगा।

नोएडा प्राधिकरण ने मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग और डिजिटल स्क्रीनिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**नोएडा।** तिलपता गांव के समीप खाली भूखंड में सोमवार रात युवक का शव पेड़ से लटका मिला। आशंका जताई गई कि उसने पत्नी से विवाद के चलते यह कदम उठाया। सूरजपुर कोतवाली की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से कासगंज निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार तिलपता स्थित पायलट कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। वह मजदूरी करता था। मनोज ने सोमवार की रात अपने घर के बराबर में खाली पड़े भूखंड में जाकर गले में बेल्ट से फंदा लगाकर पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि मनोज का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। पिछले 13 महीने से उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रह रही थी। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में था। आशंका है कि घरेलू विवाद के चलते युवक ने खुदकुशी की।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 25 से 29 सितम्बर, 2025 तक इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025" के तृतीय संस्करण की भव्य तैयारियों को लेकर इंडिया एक्सपो मार्ट के सभागार में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम व जिलाधिकारी मेधा रूपम ने समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।



बैठक में यातायात व्यवस्था, वीवीआईपी मूवमेंट, उद्घाटन समारोह की रूपरेखा, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था, होटल की दरों, ब्रांडिंग एवं आम जनता की सुविधा जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों पर वीवीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए। मार्गों पर बैरिकेडिंग, डाइवर्जन, साइनेज एवं सुरक्षा तैनाती की व्यवस्था समय से पूर्ण कर ली जाए ताकि यातायात सुचारु बना रहे और आम नागरिकों को असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्घाटन समारोह के दौरान प्रोटोकॉल व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु विशेष हॉस्पिटैलिटी डेस्क की स्थापना की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शटल बस सेवा, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, पेयजल सुविधा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही ब्रांडिंग के दृष्टिकोण से आयोजन स्थल तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर आकर्षक होर्डिंग, फ्लेक्स, एलईडी डिस्प्ले एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएं ताकि आगंतुकों को सुविधा के साथ-साथ शो का प्रभाव भी भव्य रूप में दिखाई दे।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रेरणा सिंह व लक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, प्रशासन, पुलिस एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक उपरांत जिलाधिकारी ने औद्योगिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अधिक से अधिक पंजीकरण कर प्रतिभाग सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार एवं संबंधित औद्योगिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म मामले में पिता की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने सौतेली बेटी के साथ यौन शोषण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। इस मामले में करीब एक साल पहले नोएडा के फेज-3 कोतवाली में केस दर्ज करवाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता की मां का निधन हो गया था। उसकी दो बड़ी बहनें अपने ननिहाल झारखंड में रहती हैं, जबकि 10 वर्षीय पीड़िता अकेली सौतेले पिता के साथ रहती थी। आरोप है कि पिछले दो वर्षों में आरोपी पिता ने बच्ची के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस घटना के संबंध में नौ अगस्त 2024 को केस दर्ज करवाया गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए कहा कि आरोपी को जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं बनता। ऐसे में आरोपी की जमानत याचिका को खारिज किया जाता है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तान्त्रिक पर बलात्कार के प्रयास का आरोप पीड़िता ने की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। थाना क्षेत्र के गांव एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।पीड़ित माहिला ने थाने में शिकायत कर तान्त्रिक बाबा बब्लू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि उनकी सास की तबियत खराब चल रही थी। उपचार के लिए को वह अपनी सास व देवर के साथ बब्लू के पास गई थी। दिन भर इलाज कराने के बाद रात लगभग 8 बजे बब्लू तान्त्रिक ने मुझे अकेले बुलाकर अंधेरी कोठरी में ले जाकर गंदी बाते करना शुरू कर दिया और उसके शरीर पर बुरी नियत से हाथ फेरने लगा।

पीड़िता ने बताया कि बाबा ने जबरदस्ती बलात्कार का प्रयास किया और कहा कि तुम्हें मेरी हर बात माननी पड़ेगी तभी तेरी सास ठीक हो जाएगी।

पीड़ित महिला ने बड़ी मुश्किल से वहां से बाहर निकलकर परिवार के लोगो को घटना की जानकारी दी। पीड़िता परिजनों के साथ थाने में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

तांत्रिक पहले भी दिल्ली से इसी आरोप में जेल जा चूका है। थाना प्रभारी ने बताया की जांच की जा रही है दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्यूमा के एआर ने नगर के कारखाने से नकली स्टीकर लगी जैकेट पकड़ी

■ शिकायत पर पुलिस ने कारखाना संचालक पर दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। प्यूमा कम्पनी के ए आर ने टीम के साथ नगर में छापा मारकर कम्पनी के स्टीकर लगे नकली कपड़े पकड़े हैं। जांच में कपड़ों पर स्टीकर नकली लगा होना पाया गया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने कारखाना संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बरामद माल को अपने कब्जे में ले लिया है।

मकान नं. 78/2 हंस एन्कलेव ग्राम नहारपुर रुपा थाना सदर गुड़गाव (हरियाणा) निवासी नरेश कुमार पुत्र फूलचन्द का कहना है कि वह प्यूमा कम्पनी में ए आर के पद पर कार्यरत है। उनका कहना है कि कम्पनी को सूचना मिली कि बहेड़ी कस्बा में इजराइल अहमद पुत्र इस्माइल अहमद निवासी मोहल्ला शेरनगर में दिल्ली हौजरी के नाम से दुकान है, जहां प्यूमा कम्पनी के नकली कपड़े बनाकर बेचे जा रहे हैं।




इस पर वह बीते सोमवार को टीम के जुनैद निवासी जयंतीपुर गुलर वाली मस्जिद के पास करुला मुरादाबाद, मो. अमान पुत्र रिजवान खान निवासी जयंतीपुर रोड मीना नगर गली नं. 03 मुरादाबाद, फैजान निवासी जयंतीपुर रोड करूला मुरादाबाद, मो. सलमान पुत्र चमन सिध्दीकी निवासी मण्डी समिती रोड जयंतीपुर करूला मुरादाबाद, एडवोकेट रुशील पाठक निवासी रेल विहार सेक्टर 33 नोएडा के साथ देल्ही होजरी पर पहुंच गए। छापेमारी के दौरान टीम ने यहां से 480 जैकेट और 1 हाफ पैन्ट जिनपर प्यूमा कम्पनी के स्टीकर लगे हुए थे की जांच की तो स्टीकर नकली पाये गए।

इसके बाद टीम बरामद माल को थाने ले आई, और मामले की सूचना पुलिस को दी। इस मामले में पुलिस ने प्यूमा कम्पनी के ए आर की तहरीर पर दुकान मालिक इजराइल अहमद के खिलाफ धारा 63 व 65 कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पूर्व नगर में एडिडास के नकली स्टीकर लगे कपड़े भी पकड़ चुकी है।

## एक नजर

# थाना क्षेत्र में शख नदी से अज्ञात महिला का मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। थाना क्षेत्र की शंखा नदी में मंगलवार दोपहर मे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन अब तक किसी ने भी पहचान नहीं की।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि शव की स्थिति देखकर यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि यह चार-पांच दिन पुराना है। संभवत: यह शव किसी अन्य स्थान से बहकर यहाँ आया है। फिलहाल मृतक महिला की उम्र लगभग 55 बर्ष की होगी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी एकत्रित की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच-पड़ताल जारी है ताकि जल्द से जल्द महिला की पहचान कर परिजनों से संपर्क किया जा सके।

# साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को हुई सभा

शाह टाइम्स संवाददाता

सेंथल। नगर के आजाद इंटर कॉलेज में विशेष सफाई व्यवस्था को एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कंवर एजाज शानू ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने शहर को स्वच्छ रखने में योगदान दें। उन्होंने ने कहा कि जो लोग सफाई पर ध्यान देते हैं वह स्वस्थ और निरोगी रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी सेवा भाव से जूझते रहते है, लेकिन नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह शहर में गंदगी न फैलाएं, और अपने शहर साफ सुथरा और हरा भरा रखने में निरंतर सहयोग करते रहें। सभा में अनेक शहरियों ने भाग लेकर संकल्प लिया कि वह अपने कस्बे को साफ सुथरा रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अंत में अध्यक्ष श्री शानू ने आगंतुकों का आभार जताया। स्वच्छता ही सेवा है के उन्वान से शुरू हुई इस सभा को सफाई के उद्देश्य से बेहतरीन बताया गया।




# डीएम ने की राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

■ राशन की दुकानों की समय-समय पर जांच करने के दिए गए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में और सुधार करने के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की रैंकिंग अच्छी है उन्हें भी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए, जिससे रैंक गिरने न पाए। बैठक में अवगत कराया गया कि स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष 80 प्रतिशत वसूली हुई है।



बैठक में आबकारी विभाग, जीएसटी विभाग, मण्डी, बाट-माप, वानिकी, ट्रांसपोर्ट, खनन विभाग, नगर निगम, नहर विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, आरसी वसूली आदि विभागों की समीक्षा की गयी, और लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमओयू के बारे में जानकारी ली गयी, जिसपर उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि 35 इकाइयां ऐसी हैं जो प्रोडक्शन में नहीं आ पायी हैं, यह धीरे-धीरे करके आगे के महीनों में आ पाएगी तथा लेकिन हमारे यहां 223 जीबीसी रेडी है।

बैठक में उप जिलाधिकारियों को राशन की दुकानों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए गए, साथ ही बताया गया कि जिन लोगों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, उन राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिलेगा। बैठक में निर्देश दिये गए कि जो भी अनरजिस्टर्ड किराएनामे हैं, उन्हें स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से रजिस्टर्ड कराया जाए, इसमें भी राजस्व की प्राप्ति होगी।

बैठक में 05 साल से अधिक समय सीमा से लंबित केसों व 03 से 05 साल से अधिक समय सीमा से लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए गए, तथा कोर्ट वाले प्रकरणों में ससमय आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक निर्देश दिए गए कि धारा-24, धारा-34, धारा-80 एवं धारा-116, धारा 67 आदि की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिमांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पश्चिमी। विद्युत विभाग में संविदा कर्मचारी हिमांशु मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। बताया गया कि हिमांशु सोमवार शाम 4 बजे बरेली में एक मीटिंग में गया था। कुछ देर बाद उसने फोन कर मीटिंग कैंसिल होने की सूचना दी। इसके बाद वह चाचा रामनिवास के घर किला पर गया जहां थोड़ी देर रुकने के बाद घर जाने की बात कहकर निकला। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा।



रात 9 बजे पत्नी वंदना से बात की थी कि मैं आधे घंटे में घर पहुंच रहा हूं लेकिन हिमांशु घर नहीं आया। पत्नी ने सोंचा की हैडिल पर चले गये होंगे।अगले दिन सुबह वंदना ने दोबारा फोन किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। परिजनों ने उसके गुमशुदा होने की तहरीर थाने में देने को पहुंचे। इसी बीच रहपुरा अंडरपास के पास स्कूल जा रहे बच्चों ने एक बाइक पड़ी देख थाने पहुंचा दी। परिजन जब थाने पहुंचे तो बाइक हिमांशु की निकली। इसके बाद पुलिस ने वहां खोजबीन की तो बाइक से लगभग 500 मीटर दूर साइड रोड के नीचे झाड़ियों में हिमांशु का शव पड़ा मिला।

मृतक के सिर और कान में चोट के निशान थे उसकी पेंट में लगी बेल्ट कुछ दूर पड़ी थी और पेंट की चेंन खुली हुई थी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच प्रारंभ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का शक जताते हुए कहा कि किसी ने हिमांशु की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका है।

एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मृतक की पत्नी वंदना, पिता रामनिवास मिश्रा और अन्य परिजनो का रोरो कर बुरा हाल है।

# संकुल गोष्ठी में शिक्षा के महत्व पर हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

देवरनियां। शिक्षा में गुणात्मक सुधार और उसमें बच्चों की रुचि पैदा करने को लेकर मंगलवार को ब्लॉक रिछा (दमखोदा) की न्याय पंचायत कनमन के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की संकुल गोष्ठी का आयोजन उच प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया में किया गया।



संकुल लीडर प्रमोद गंगवार के नेतृत्व में हुई गोष्ठी में सभी शिक्षकों ने शिक्षण पर अपने-अपने बिचार व्यक्त किए।

संकुल लीडर प्रमोद गंगवार ने कहा कि अलग-अलग विद्यालयों में होनी वाली इस गोष्ठी का मकसद वहां के वातावरण को समझना और शिक्षण सुधार करना है। इस मौके पर दोपहरिया उच्च प्राथमिक विद्यालय की साज-सज्जा और इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भावना कटियार द्वारा की गई व्यवस्था को सराहा गया। इस मौके पर संकुल लीडर प्रमोद गंगवार, पूर्व एबीआरसी सदाकत हुसैन इदरीसी, भावना कटियार, मोबिन मलिक, सुषमा, सुनीता, शशिकला देवी, विनय, मनोज आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# कानपुर में आई लव मुहम्मद पर एफआईआर

■ दरगाह आला हजरत ने किया कड़ा विरोध
■ फरमान मिया ने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया

शाह टाइम्स ब्यूरो

बरेली। कानपुर में हाल ही में आई लव मुहम्मद लिखे बोर्ड लगाने पर 25 मुस्लिम युवकों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर बरेली स्थित दरगाह आला हजरत से बड़ा बयान सामने आया है। दरगाह आला हजरत के प्रमुख संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खघन (फरमान मियां) ने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए भारतीय संविधान के मूल अधिकारों का खुला उल्लंघन करार दिया।

फरमान मियां ने कहा कि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी स्थिति में अपराध नहीं है, यह केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ं) के तहत हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है।

पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्ललल्लाहो अलैहि वसल्लम से प्रेम जताना इसी अधिकार का हिस्सा है, जिसे किसी भी कानून से रोका नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि अनुच्छेद 25 हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, वहीं अनुच्छेद 21 नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। ऐसे में धार्मिक प्रेम और आस्था की अभिव्यक्ति पर कार्रवाई करना असंवैधानिक है।

दरगाह आला हजरत की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। मेनका गांधी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1978) मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि इस तरह की कार्रवाई नागरिकों की आजादी को दबाने के समान है।

जमात रजा-ए-मुस्तफा ने प्रशासन से मांग की कि निर्दोष युवकों पर दर्ज मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।

संगठन ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धाराएं तभी लागू होती हैं, जब जानबूझकर किसी धर्म का अपमान किया गया हो, जबकि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी धर्म का अपमान नहीं है, बल्कि यह एक सकारात्मक और प्रेमपूर्ण संदेश है।

दरगाह आला हजरत ने प्रशासन से अपील की कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी समुदाय के लोगों को अपने धार्मिक प्रेम और आस्था को प्रकट करने से रोका न जा सके, भारत का संविधान सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि दरगाह आला हजरत हमेशा संविधान और न्याय की रक्षा के लिए आवाज उठाता रहेगा।

# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

शीशगढ़। अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटनाओ में दो लोग घायल हो गए।शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना में घायल यशपाल पुत्र धर्मदास निवासी बसई थाना शाही ने पुलिस को वताया कि वह ग्राम सहोड़ा में किराए की दुकान में खाने का होटल चलाता है।14 नवम्बर की शाम लगभग 8.40 बजे अभिदेश,मनोज व दो अज्ञात लोग दुकान पर आए और शराब पीने को गिलास मांगने लगे मना करने पर लात घूंसो से जमकर पीटा और दुकान के बर्तन तोड़ दिए। दूसरी घटना में ग्राम जाफरपुर निवास. ।शिकील अहमद ने वताया कि गाँव में उनकी विधवा भाभी मकान बनवा रही हैं। उनके नवनिर्मित मकान की दीवार को गांव के ही इकरार हुसैन ने गिराने का प्रयास किया।मैंने विरोध किया तो उपरोक्त इकरार हुसैन ने घर में घुसकर मुझे वेरहमी से पीटा।

# दूसरी युवती से शादी करने पहुंचे रंगीन मिजाज मौलाना का शांति भंग में चालान



■ युवती से शादी करने पिता और बहनोई को साथ लेकर पहुंचा था नवाबगंज

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। पत्नी के रहते हुए दूसरी युवती से निकाह करने को कस्बे में आया मौलाना और उसके परिजनों को पुलिस रविवार की रात पकड़कर थाने ले आयी। मंगलवार को पुलिस ने मौलाना, उसके पिता और बहनोई का शांति भंग में चालान कर दिया। जिसके बाद लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

शाही थाना क्षेत्र के ग्राम चकदाह भगवतीपुर निवासी मौलाना हैदर हुसैन का निकाह दो फरावरी वर्ष 2025 को गांव में ही रहने वाली नर्गिस के साथ हुआ था। लेकिन मौलाना और उसके परिवार वाले इस रिश्ते से खुश नहीं थे। इसी बीच मौलाना का कस्बे में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। रविवार को वह अपने पिता बुंदन बक्श, बहनोई रफीक अहमद समेत दर्जन भर रिश्तेदारों को साथ लेकर युवती से निकाह करने के लिए कस्बे में आया था। जिसकी भनक उसकी पत्नी को लगी तो वह वहां पहुंचकर इसका विरोध करने लगी। जिससे गुस्साए मौलाना उसके पिता और बहनोई ने उससे मारपीट कर डाली। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आयी, पुलिस ने मौलाना की पत्नी नर्गिस की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए मंगलवार को आरोपी मौलाना, उसके पिता और बहनोई का शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई।

# प्लॉट के लिए गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाला

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। एक महिला ने ससुराल वालों पर 400 वर्ग गज के प्लॉट के लिये मारपीट कर तरह-तरह से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि इस समय वह सात महीने के गर्भ से है। गर्भावस्था के दौरान ही माह अप्रैल 2025 में ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वह अपनी ससुराल में रह रही है।

एक विवाहिता का कहना है कि उसकी शादी मोहल्ला शेर मोहम्मद छोटी मार्केट धोबी गली पीलीभीत के साथ 22.04.2024 को हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसकी सास, ननद, जेठ, जेठानी, देवर प्लॉट की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।

वह लोग उससे मांग करने लगे कि उन्हें पीलीभीत में एक 400 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट अपने घर वालों से खरीदवाकर दे। अगर ऐसा नहीं किया तो हम तुझे घर में नहीं रखेंगे। उसकी सास ने यह भी कहा कि मेरी तीन अन्य बहुएं अपने मायके से अच्छा दहेज लेकर आयी हैं तो तुझे हम इतने सस्ते में कैसे रख लेंगे। इसपर जब उसके पापा ने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया तो सब ने उसके पापा को भद्दी-भध्दी गालियां देकर मारा-पीटा। मांग पूरी न होने पर उसका हाथ बिजली के बोर्ड में डालने की कोशिश की। जब वह गर्भवती हुई तो उक्त लोगों ने उसे इसी अवस्था में मारपीट कर घर से निकाल दिया, और कहा कि बिना उनकी मांग पूरी किये घर में मत घुसना। महिला ने मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# चहेते ठेकेदार का भुगतान किए जाने से नाराज प्रधानों ने वीडीओ सहित कर्मियों को बंधक बनाकर की जमकर नारेबाजी

■ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और पुलिस ने कराया आजाद

शाह टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय नवाबगंज में जमकर हंगामा हुआ, वीडीओ और ब्लॉक कर्मियों की कार्यशैली से नाराज दर्जनों ग्राम प्रधानों ने खण्ड विकास कार्यालय में कर्मियों का उनके कार्यालय में बंधक बनाकर कार्यालय में ताला जड़ डाला, साथ है उनके खिलाफ जमकर नारेवाजी कर सांसद व विधायक से उनका तबादला कराए जाने की मांग की।

मंगलवार को विकास क्षेत्र के दर्जनों प्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी और ब्लॉक कर्मियों पर अपने चहेते ठेकेदारों का भुगतान किए जाने के साथ ही अन्य ठेकेदारों के भुगतान में कोई रुचि न लिए जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें उनके ही कार्यालय में बंधक बनाकर कार्यालय में ताला जड़ दिया, साथ ही उनके खिलाफ जमकर नारेवाजी भी की। ग्राम प्रधानों द्वारा की गई इस कार्यवाही की सूचना पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंग. वार के साथ ही पुलिस कर्मी भी ब्लॉक पहुंच गए, और नारेवाजी कर रहे प्रधानों को समझा-बुझाकर शान्त कराया, और फिर खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय का ताला खुलवाकर उन्हें आजाद कराया।

उसके बाद ग्राम प्रधानों रेखा देवी, कुंवर देवी, सुरजा देवी, सोनी गंगवार, हीराकली, विमलेश, गोमती देवी, यशवन्त सिंह, कंधई लाल, राजपाल, भूपेंद्र कुमार आदि ने सांसद और विधायक को अपना शिकायती पत्र देकर खण्ड विकास अधिकारी का तत्काल ही तबादला कराए जाने की मांग की।

## दो करोड़ के पारित हुए प्रस्ताव

ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित किए गए। ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई क्षेत्र पंचायत की इस बैठक में ग्रामों के विकास को लेकर ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने प्रस्ताव पेश किए, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य का ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में ग्राम प्रधानों ने पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्पताल में न बैठने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की।




इसके साथ ही ग्रामीणों ने जल शक्ति मिशन के तहत ग्रामों में बनी टंकियों को लेकर ग्रामों में की रोडों की खुदाई पर अभी तक मार्गों का निर्माण न कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की मांग की। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों ने गन्ना किसानों के करोड़ों रुपये का गन्ना चीनी मिलों द्वारा भुगतान न किए जाने पर अपनी नाराजगी जताई। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, हाजी मुन्ने अंसारी, नीतेश उपाध्याय, लाल बहादुर गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला, द्वारिका प्रसाद आदि ने भाग लिया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बहेड़ी नगर पालिका में बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका की अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के क्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, कूड़ा प्रथक्कीकरण और साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में अधिशासी अधिकारी और सफाई एवं खाद निरीक्षक द्वारा स्वच्छता संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में पालिका में तैनात राजस्व निरीक्षक कासिम, सभासद सलीम चंदा, सभासद पति मोहम्मद हसन जाफरी, सभासद रमेश सिंह, सभासद लाल सिंह, सभासद ओम प्रकाश, सभासद जाकिर तालपुरा, सभासद जाकिर मेडिकल, सभासद तरुण कालरा, सभासद परमेंद्र गंग. वार, सभासद पुत्र तस्कील मियां, सभासद पति हरपाल सिंह और सभासद पति नसीम अहमद उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य शहर को साफ और स्वच्छ बनाना है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और जन जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# बाबा साहब का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले युवक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

बहेड़ी। सोशल मीडिया पर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की वीडियो लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर पोस्ट वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अजीत कश्यप नाम के युवक ने अपनी आईडी रममज.ौलंच143 पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आपत्तिजनक वीडियो लगाकर पोस्ट किया है। उपनिरीक्षक अवधेश कुमार को गश्त व भ्रमण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह पोस्ट लगाने वाले का नाम अजीत पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम रूपपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी युवक अजीत पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम रूपपुर थाना बहेड़ी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

## कर्मचारियों व छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** केंद्र सरकार द्वारा घोषित स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद धामपुर में आज से अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'स्वच्छोत्सव' रखी गई है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों में जागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर के विभिन्न विद्यालयों में शपथ ग्रहण से हुई। सफाई निरीक्षक हमेंद्र सिंह ने जैन कन्या पाठशाला/स्वच्छ सारथी क्लब की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसी क्रम में सफाई निरीक्षक विकास कुमार लोहार ने कन्या इंटर कॉलेज में अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को शपथ दिलाई। वहीं सफाई लिपिक नितिन अग्रवाल ने लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज/स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं को स्वच्छता के लिए संकल्प दिलाया। इसके बाद नगर पालिका प्रांगण में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए पालिका के सभी सभासदों, अधिकारियों, कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को स्वच्छता से जुड़ी शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में सफाई मित्रों से लेकर स्कूली छात्राओं तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मौहल्ले और नगर को स्वच्छ बनाने में योगदान देंगे। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सबका दायित्व है। जिस दिन लोग अपने घर के बाहर का कचरा खुद उठाना शुरू कर देंगे, उस दिन शहर वास्तव में स्वच्छ कहलाएगा।

# गुलदार ने बछिया व बकरे को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** गुलदार ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर एक बछिया और एक बकरे पर हमला कर मार डाला। ग्राम मुकंदपुर राजमल निवासी महावीर सिंह ने पशुपालन के लिए गांव के बाहर भट्टे के समीप डेरा डाल रखा है। देर शाम महावीर सभी पशुओं को डेरे में बांधकर घर चला गया। आज सुबह जब वह डेरे पर पहुंचा तो बछिया डेरे से गायब थी। तलाश करने पर पास के गन्ने के खेत में बछिया मृत पड़ी हुई थी, जिसको गुलदार ने मारकर उसका कुछ भाग खा लिया था।

उधर ग्राम अफजलपुर भाऊ उर्फ भाऊवाला निवासी सुरेंद्र पाल सिंह ने मकान की छत पर बकरी पाल रखी है। देर शाम वह बकरियों को छत से नीचे उतार रहा था। तभी पास में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ पर घात लगाए बैठे गुलदार ने छत पर छलांग लगाकर बकरे को दबोच लिया। बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर सुरेंद्र सिंह छत पर पहुंचा तो गुलदार ने बकरे की गर्दन को दबोच रखा था। शोर मचाने पर गुलदार पेड़ के सहारे उतर गया।

# पंचायत सहायक होंगे ग्राम विकास के आधार: सतेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल के कुशल निर्देशन में चल रहे डीपीआरसी गजरौला, अमरोहा पर जनपद बिजनौर के विकास खण्ड नूरपुर एवं स्योहारा के पंचायत सहायकों की चार दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।



प्रशिक्षण में डीपीआरसी गजरौला सीनियर फैकल्टी कम मैनेजर सत्येंद्र शर्मा ने प्रशिक्षण में आए हुए विकास खण्ड नूरपुर एवं स्योहारा के पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं पंचायती राज व्यवस्था की विषय में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 1993 से पंचायतें वास्तविक रूप से अस्तित्व में आई और पंचायत को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ है। 73वां संविधान संशोधन विषय पर बात करते हुए प्रशिक्षक अब्दुल कादिर ने आए हुए प्रतिभागियों को बताया कि 73वां संविधान संशोधन में चुनाव की समय सीमा निश्चित की गई एवं महिलाओं को 33% आरक्षण व राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के कार्य एवं उनके दायित्व का भी वर्णन किया गया। प्रशिक्षक ईशांत शर्मा ने सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के विषय पर बात करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें 9 थीम पर कार्य करते हुए सतत् विकास के लक्षण की प्राप्ति के लिए कार्य कर रही है। प्रत्येक पंचायत जो थीम में से प्रतिवर्ष एक थीम पर अपनी जीपीडीपी में शामिल करके ग्राम पंचायत के विकास की गाथा लिख रही है। प्रशिक्षण में रेखा सैनी के द्वारा मातृ भूमि योजना एवं पंचायत घरों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में डीपीआरसी गजरौला सीनियर फेकल्टी सतेन्द्र शर्मा, प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, अब्दुल कादिर, मौहम्मद वसीम, रेखा सैनी, खुशी रानी, लव कुमार एवं पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल की ओर से यहां सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। सुबह से ही श्रद्धालु जुटने लगे और मंदिर प्रांगण भक्ति भाव से भर गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जयकारों के साथ हुआ। इसके बाद मंच पर भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। 'राम जी से राम राम कहियो हनुमान जी' भजन जब गाया गया तो श्रद्धालु झूम उठे और तालियां बजाकर भक्ति का आनंद लिया। भजनों के बीच भक्तों ने 'जय बजरंगबली' और 'जय श्रीराम' के जयकारों से वातावरण गूंजा दिया।

## भजनों से गूंजा वातावरण

अंत में संस्था की ओर से आयोजक परिवार को श्रीराम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में अजय वीर सिंह, प्रयास कुमार, परमवीर सिंह, विजयपाल सिंह, राजू गुप्ता, क्रांति देवी, इशांक कुमार आदि मौजूद रहे। संस्था से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल के साथ मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी और सर्वेश गिरी भी शामिल रहे।

कार्यक्रम का समापन बजरंग बली की आरती और प्रसाद वितरण से हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# वर्ल्ड ओजोन -डे पर पोस्टर प्रतियोगिता

## ओजोन परत को बचाने के उपाय बताए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज आर्फ साइंस के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आजोन दिवस का अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग मे पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माहविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



कार्यक्रम का उद्देश्य ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों पर लोगो को जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने विभिन्न पोस्टर द्वारा एक ऐसा वातावरण विकसित करने की कोशिश की। जिसमें ओजोन परत की समस्या और उसे बचाने के उपाय को पहचान जाये। इस प्रतियोगिता में विभिन्न पोस्टर जैसे त्वचा कैंसर, आंखों की बीमारी आदि गम्भीर बीमारियों के लक्षण तथा उनसे बचने के उपाय बताये तथा साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने पोस्टर द्वारा बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल के सगताप मंडल (stratosphere) मे स्थित एक सुरक्षात्मक दल है, जो सूर्य से आने वाली हानिकारक परोबैंगनी (UV) किरणों को रोकती हैं लेकिन मानव गतिविधायों के कारण यह परत धीरे धीरे क्षतिग्रस्त ही रही है। कार्यक्रम के समापन मे विभाग अध्यक्षा डॉ. ज्योत्सना सिंह ने बताया के मुख्य कारण बताया जैसे क्लोराफेलारोकार्बन (CFCs) जैसे रसायनों का अत्याधिक प्रयोग औद्योगिक प्रदूषण और हानिकारक गैसों का उत्सर्जन, एरोसोल और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को ओजोन परत को बचाने के विभिन्न उपाय बताए- जैसे (CFCs) और उन्य हानिकारक गैसो का प्रयोग बंद करना, ओजोन हितैशी (Ozone Friendly) उत्पादों का उपयोग करना अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और वनों की कटाई रोकना जागरूकता फैलाना आदि में अपना योगदान देने के लिये प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का आंकलन प्रदूषण नियन्त्रण बार्ड क्षेत्रीय अधिकारी, डॉ. उमेश चन्द्र शुक्ला ने तथा प्रदूषण नियंत्रण के सहायक वैज्ञनिक एस.के. त्रिपाठी ने किया। जिसमें प्रथम स्थान अंजली, द्वितीय स्थान रीचा तथा तृतीय स्थान उर्वशी ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में एमएसडब्लू के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरूप और सहायक प्रवक्ता रजविंदर कौर व सहायक प्रवक्ता इफरा परवीन ने अहम योगदान दिया।

## एक नजर

### भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत चुनाव के ब्लाक संयोजक देशबन्धु ने की। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश ने पार्टी पदाधिकारियों से कई प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक नरेश भाटी ने कहा कि पार्टी का हर एक वह कार्यकर्ता पदाधिकारियों से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रूपरेखा व तैयारी के विषयों को लेकर अहम चर्चा की। बैठक में नूरपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्ष नूरपुर से निशांत कर्णवाल, गोहावर से विनय चौहान,मोरना से धर्मेंद्र सैनी,फीना से नवनीत राणा एवं विवेक सरो. हा,मंडल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, पूर्व महामन्त्री रामअतार चौधरी,जुगनु चौधरी,सुनीश चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आरबीडी में कार्यशाला



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में एक सप्ताह की शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. सुरेश सिंह विभाग अध्यक्ष अध्यापक शिक्षा विभाग ने किया। बीएलएड विभाग अध्यक्ष डॉ. सारिका सिंह ने विचार रखें। कार्यशाला बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने अपनी-अपनी पाठ योजना बनाकर प्रस्तुत की। इस पाठ योजना के प्रस्तुतीकरण के उपरांत संबंधित शिक्षकों ने फीड बैक देकर उनके शिक्षण को ज्यादा उत्तम बनाने का प्रयास किया। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. नज्मुन्निसा, डॉ. शिरीन, डॉ. मुकुल पवार, रेणु, ज्योति, हिमानी, अनुष्का वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत





**बिजनौर।** प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) द्वारा आईटीआई के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर प्राईवेट आईटीआई, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में छात्र विशाल ने 82.67 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, फिटर ट्रेड में प्रथम वर्ष के छात्र विनीत ने 80.50 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान व फिटर ट्रेड द्वितीय वर्ष के छात्र मेहुल चौधरी ने 92.17 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, मेकेनिक डीज़ल ट्रेड में छात्र आमिर हमज़ा ने 87.67 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान व कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेन्टीनेन्स ट्रेड में छात्र इन्तेज़ार अहमद ने 84.33 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विकास कार्यों की जांच की मांग



**धामपुर।** ग्राम हुसैनपुर धामपुर में ग्राम वासियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए त्रुटिपूर्ण व अनियमितता बरतकर हुए विकास कार्यों पर चर्चा की गई। साथ विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग भी की। ग्राम हुसैनपुर स्थित नरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में ग्राम वासी ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि गांव में जो भी विकास कार्य कराए गए हैं, उनमें अनियमितताएं बरती गई है, जिस कारण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव के पानी की निकासी के लिए जो नाला बनाया गया है, वह क्षतिग्रस्त हो गया है। इतना ही नहीं नल के ऊपर डाले गए पट हल्के से वजन से ही ध्वस्त हो गए हैं । जबकि गांव में इस बार हुई बरसात के कारण अत्यधिक जल भराव की समस्या से दो-चार भी होना पड़ा है। ग्रामीणों के घरों में 2 से 4 फुट तक पानी भर गया था, जिससे लोगों का लाखों का सामान भी खराब हो गया है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से गांव में हुए विकास कार्यों की जांच कराई जाने की मांग उठाई है। इस अवसर पर अनित कुमार, मान,सिंह, मधुसूदन, अशोक कुमार, हितेश, दुष्यंत कुमार, विजयपाल सिंह, अतुल कुमार, महेश राणा, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, अनुज कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, शमशेर सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह तथा संचालन मुन्ना सिंह ने किया।

# 36 मेधावियों को मिली स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म



## शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नगर के विद्या मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म वितरित की गई।

इस अवसर पर विद्या मंदिर धामपुर के अलावा शिशु मंदिर धामपुर और शिशु विद्या मंदिर नहटौर के विद्यार्थी भी शामिल हुए। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में से कई ऐसे थे, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, लेकिन पढ़ाई में वे लगातार अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।

स्कॉलरशिप का वितरण ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग फाउंडेशन के डायरेक्टर और वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संस्था का मकसद है कि मेधावी छात्र अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और किसी आर्थिक तंगी के कारण पीछे न रह जाएं। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और समाज का नाम रोशन करने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह और पूर्व उपप्रधानाचार्य राधाकृष्ण कटियार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने स्कॉलरशिप और यूनिफॉर्म पाकर खुशी जताई और कहा कि यह सहयोग उनके लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा है।

# छात्राओं व स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सरकार के आदेश पर पालिका के लिपिक ताहिर हुसैन के नेतृत्व मे शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं व स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।

मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज मे पालिका द्वारा शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओ व स्टाफ को पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने, संसाधनों की कम से कम बर्बादी न करने, प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करने, प्लास्टिक की जगह पेपर बैग, जूट कपड़े के बैग इस्तेमाल करने, पर्यावरण की साफ सफाई रखने, अपने आसपास साफ-सफाई रखने व ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर पालिका लिपिक ताहिर हुसैन, प्रधानाचार्य नूरअफ्शा, गुलनाज, सबा, मनीष, यासमीन, बबीता, नीरू आदि स्टाफ व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिविल पेंशनर परिषद की बैठक में स्वास्थ्य दावों के निस्तारण पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सिविल पेंशनर परिषद की बैठक श्री सत्यधाम धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आनंद सिंह ने की, जबकि संचालन राजेंद्र सिंह ने किया।

बैठक में पेंशनरों ने सरकार से 15 वर्ष की सेवा कटौती वाले प्रकरण में 10 वर्ष 8 माह की अवधि को मान्य कर आदेश जारी करने की मांग की। साथ ही स्वास्थ्य दावों के निस्तारण को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक के अंत में अध्यक्ष आनंद सिंह ने अपने भावपूर्ण और ओजस्वी गीत से सभी उपस्थित पेंशनरों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने अपील की कि 'प्रत्येक माह की 16 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर परिषद की बैठक में शामिल हों, ताकि सामूहिक आवाज को और बुलंद किया जा सके।'

कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। बैठक में सतीश चौहान, धर्मेश चौहान, प्रवीण सिंह, लोकेन्द्र शर्मा, विनोद चौहान, डॉ. रघुवंशी, डॉ. सुभाष, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, सुरेंद्र शर्मा, राजपाल समेत बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

# 'हम' ने आरयूएम के टॉपर किए सम्मानित

## विद्यार्थियों को सीपीआर का डेमो देकर बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सामाजिक संस्था हम वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल में टॉपर बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं देशभर में चल रही सीपीआर की दिक्कत के बारे डेमो करके समझाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक संस्था हम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डा. सोहराब अहमद के नेतृत्व में 2024-25 में स्कूल में हाईस्कूल टॉपर रही हुमेरा परवीन, तानिया कशिश, छवी को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने हम संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



बच्चों को चाहिए कि अपना भविष्य बनाने के लिए लगन के साथ पढ़ाई करें और जिन्दगी में इन्सान को ऐसे काम करने चाहिए, जिससे आप का ही नहीं बल्कि मां-बाप का नाम रोशन हो सके। वहीं संस्था के अध्यक्ष डा. सोहराब अहमद ने कहा कि उनकी संस्था का मकसद गरीब व बेसहारा लोगों की मदद सहित अन्य कार्यो के साथ-साथ स्कूल के टॉपर बच्चों का हौंसला बढ़ाना उनका मकसद है। डा. सोहराब ने कहा कि देश भर में इस समय बढ़ रही सीपीआर की दिक्कत से लोगों की जान जा रही है। जिसको लेकर डा. सोहराब ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को डेमो करते हुए बताया कि अगर इस बारे में पूरी जानकारी होगी तो आप किसी की भी जान बचा सकते है।

इस मौके पर अध्यक्ष मौहम्मद शादाब, उपाध्यक्ष इजहार नबी, महासचिव नदीम इदरीसी, सचिव डॉ. सोहराब, मीडिया प्रभारी, अब्दुल मुतल्लिब सहित आदि संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# रहरा के तीन युवक देहरादून में नदी में बहे

## बादल फटते ही बढ़ा नदी का जलस्तर, एक का शव बरामद, दो की तलाश जारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। रोजी-रोटी की तलाश में देहरादून गए रहरा के तीन मजदूर मंगलवार सुबह एक हादसे का शिकार हो गए। देहरादून के थाना गढ़ी कैंट के बाजेवाला गांव में नदी से बजरपुट निकालते समय बादल फटने की वजह से नदी में अचानक आए तेज पानी के बहाव में बह गए। तीनों युवक पुष्पेंद्र (20) पुत्र प्यारेलाल, पीतम (18) पुत्र गंगा वासी तथा पंकज (27) पुत्र बाबूराम के रूप में हुई है, जो सभी अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र के कस्बा रहरा रहने वाले थे। रहरा से लगभग 30 मजदूरों का एक समूह रक्षाबंधन के दो दिन बाद देहरादून पहुंचा था। ये सभी बाजवाला गांव के पास नदी में बजरी निकालने का काम कर रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे, जब पुष्पेंद्र, पीतम और पंकज नदी के गहरे हिस्से में काम कर रहे थे, अचानक बादल फटने के साथ नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, तीनों तेज बहाव में बह गए। साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जैसे ही गांव रहरा में परिवारों को इस दुखद घटना की सूचना मिली, गांव में मातम छा गया। पुष्पेंद्र के परिजन ने बताया, वह रक्षाबंधन के दो दिन बाद काम पर गया था, हमें क्या पता था कि ऐसा हो जाएगा। मृतक पंकज का विवाह 2 माह पूर्व हुआ था। घटना की खबर मिलते ही युवकों के परिवारों में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक परिजन देहरादून के लिए रवाना हो गए हैं। देहरादून का स्थानीय प्रशासन और पुलिस लापता मजदूरों की तलाश में जुटा है। मृतक पंकज का शव बरामद हो गया जबकि अन्य की तलाश जारी है।



# किसान की हत्या में दो को उम्रकैद

## कोर्ट ने 15-15 का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक की हत्या में कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि दोनों पर 15-15 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। फिलहाल दोनों जमानत थे।

22 मई 2014 की वारदात हसनपुर सर्किल के गांव आदमपुर की थी। यहां पर किसान हरचरन सिंह का परिवार रहता है। हत्याकांड की रात वह अपने खेत पर सो रहे थे। उसी दौरान गांव निवासी विजेंद्र और उसके रिश्तेदार नन्हुआ ने हरचरन की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं इसके बाद आत्महत्या दर्शाने के लिए शव को पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर लटका दिया था। मामले में मृतक की पत्नी क्रांति देवी ने विजेंद्र और नन्हुआ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। फिलहाल, विजेंद्र और नन्हुआ जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर विजेंद्र और नन्हुआ को दोषी करार दिया। दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया

# युवक की मौत, परिजनों ने पुलिस चौकी घेरी

## मारपीट में घायल युवक की मौत पर फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तीन दिन पूर्व रामलीला में हुई मारपीट में घायल युवक की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर गुस्साई भीड़ ने चौकी घेर की। पुलिसकर्मियों से झड़पों के बीच आधी रात तक हंगामा चलता रहा। मौके पर पहुंचे सीओ ने आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का वादा कर भीड़ का गुस्सा शांत किया। तब कहीं जाकर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीबड़ा कलां से जुड़ा है। यहां रामलीला का मंचन चल रहा है। 12 सितंबर की रात गांव निवासी सोमपाल का 23 वर्षीय बेटा आकाश भी रामलीला देखने आया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह बाहर खड़े एक ठेले पर पकौड़ी खाने चला गया। वहां खड़े तीन युवकों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। तीनों युवकों ने आकाश पर हमला कर घायल कर दिया। इस कद्र बेदर्दी से मारा कि वह अधमरा हो गया वहीं आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर घायल आकाश को लेकर सरकारी व निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन तभी से मेरठ के एक निजी अस्पताल में आकाश का उपचार करा रहे थे जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। शव लेकर नौगावां सादात पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी बीच देर रात घटना को लेकर गुस्साई भीड़ ने जमुना चौकी घेर ली। तुरंत आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, गिरफ्तारी से पहले परिजनों से शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ अवधभान सिंह भदौरिया पुलिस बल लेकर चौकी पर पहुंच गए। गुस्साई भीड़ को समझाते हुए बमुश्किल बिगड़ती स्थिति को काबू किया। सीओ ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं एलटीएम प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को कुन्दन मॉडल इण्टर कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी सिद्धार्थ कृष्ण त्रिपाठी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। प्रदर्शनी में कुल 105 विद्यालयों के बाल वैज्ञानिक द्वारा कियाशील एवं स्थानीय आवश्यकता के समाधान पर अधारित निर्मित मॉडल को प्रदर्शनी में सजाया गया, जिनका अवलोकन अतिथियों द्वारा बहुत ही तल्लीनता के साथ किया। सीडीओअश्वनी कुमार मिश्र ने कहा

### सीडीओ व डीआईओएस ने बढ़ाया उत्साहवर्धन

कि विज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। सकारात्मक विचारधारा के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करें फिर लक्ष्य के अनुसार पूरी शक्ति से लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करें, हमें लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इतिहास में जितने भी आविष्कार / खोज हुई हैं वे सब निरंतर असफलता के बाद सफलता से ही प्राप्त हुई हैं। प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग दोनो में प्रथम विजेता को रू0-4000.द्वितीय विजेता को रू0-3000.00, तृतीय विजेता को रू0-2000.00 तथा पांच बच्चों को 500 रूपये की राशि के सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा मदनपाल सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी की आख्या प्रस्तुत की। समारोह में डॉ.धर्म सिंह, पवन कुमार त्यागी, स्नेहलता, किरन लता, कुमकुम, देवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, विकास कुमार, संतराम यादव, अशोक कुमार, कोमल रानी, कीर्ति, राघवा खानम साबिया खातून, अदिति, हुसैन मोहम्मद, मुराद अली, आलोक यादव, आलोक पाठक, शाने हैदर, सुरेन्द्र सिंह, हरिओम, अमित कुमार अदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में भी विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना दायित्व निभाया।



अमरोहा। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का निरीक्षण करते अधिकारी।

# खो-खो में जीजीआईसी की टीम रही विजेता

## संकुल स्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ने राम सरन सुशीला आनंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित संकुल स्तरीय खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की संयोजक ने किया था। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्रीमती सुख देवी इंटर कॉलेज और श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज लुहारी भूड़ की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य निशांत द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछाल कर किया गया। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही। जूनियर वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्रीमती धनवती देवी कॉलेज के बीच कांटे की टक्कर हुई, जिसमें श्रीमती धनवती देवी कॉलेज ने जीत हासिल की। सब-जूनियर वर्ग में केवल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की ही टीम ने हिस्सा लिया और निर्णायक मंडल ने उन्हें विजयी घोषित किया।

## एक नजर

### स्काउट-गाइड को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में छात्रओं को झंडा विधि, गांठें बाँधने की तकनीक, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, नक्शा पढ़ने की विधि, साफ-सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर अमन कुमार और श्री सचिन गन्धर्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गतिविधियाँ समूह खेल, देशभक्ति गीत, योगाभ्यास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा कार्यों से संबंधित गतिविधियाँ भी कराई गई। प्रधानाचार्य सरदार गुरनाम सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं को न केवल अनुशासन व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। जसविंदर सिंह उन्होंने बच्चों को अनुशासन और सेवा के बारे में बताया और कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, साहस, टीम की भावना, और नेतृत्व गुण का विकास होता है। सरदार खजान सिंह उन्होंने कहा कि स्काउट में मुख्य चीज अनुशासन है और सेवा की भावना और अनुशासन बच्चों को जीवन जीने की कला भी सिखाती है।



अमरोहा। युवक की मौत पर मृतक के घर जमा भीड़ व पुलिस।

# गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़

## प्रसव पीढ़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रसव पीड़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की ओटी को सील कर दिया है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान एक हेल्थ केयर सेंटर पर भर्ती कराया गया। मंगलवार को एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जहां नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों द्वारा नगर के एक हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कर दिया था। आरोप है जहां पर अनट्रेंड चिकित्सक द्वारा महिला की नॉर्मल डिलीवरी की गई। जिसके बाद गुप्तांग से ब्लड रिसाव होने से महिला की हालत बिगड़ती चली गई थी। वहीं गुस्साये परिजनों ने जमकर हंगामा एवं तोड़फोड़ कर दी थी। जिसके बाद प्रसूता को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को मामले की शिकायत मिलने पर विभाग द्वारा ओटी सील कर दी। उधर हेल्थ केयर सेंटर की महिला चिकित्सक ने सेंटर में तोड़फोड़ आदि करने के मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला कनेटा रोड स्थित चौराहे पर निजाम हेल्थ केयर सेंटर की शिकायत प्राप्त होने के बाद निजाम हेल्थ केयर सेंटर की ओटी सील कर दी गई है। और मामले में अग्रिम विधि कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### उझारी में स्वच्छता की शपथ दिलायी



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी**। नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता की सेवा अभियान के अन्तर्गत शपथ ग्रहण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रत्येक वर्ष 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। सम्पूर्ण नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। शपथ ग्रहण समारोह में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, लिपिक नवीन कुमार, केडी शर्मा, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद जुहैब, वचन सिंह, जाकिर अहमद व सभासद आदि मौजूद रहे।

# घर में कूमल लगाकर लाखों का माल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। बीती रात सैदनगली कस्बे में चोरी की दो बड़ी घटनाओं ने हड़कंप मचा दिया। कस्बे के बाहरी छोर पर रहने वाले एक किसान के घर से लाखों की नकदी और जेवर चोरी हो गये। जबकि कुछ ही दूरी पर स्थित दो खेतों की कोठरियों के ताले तोड़कर भी चोरी का प्रयास किया गया।

नगर पंचायत सैदनगली के मोहल्ला सैनी वाला निवासी भरत सैनी पुत्र ऊदल सैनी के घर में मंगलवार देर रात चोरों ने सेंधमारी की। परिवार के सभी सदस्य गर्मी के कारण बरामदे में सो रहे थे और तूफान पंखा चल रहा था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे की दीवार में कूमल लगाकर घर में प्रवेश किया। चोरों द्वारा घर से 90 हजार रुपये नकद, एक चांदी की चेन और कुछ सोने के गहने चुरा ले गये। सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ देखकर उनके होश उड़ गये। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घ्सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल शुरू की। उन्होंने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए टीम गठित कर दी गई है। भरत सैनी के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित नितिन वर्मा पुत्र महानंद वर्मा और रामवीर सैनी पुत्र शिवलाल सैनी के खेतों पर बनी कोठरियों को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने दोनों कोठरियों के ताले तोड़ दिये। हालांकि, चोरी का माल अधिक नहीं था। रामवीर सैनी की कोठरी से चोरी हुआ एक छोटा जनरेटर पास के खेत में लावारिस हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच में जुटी है। इस घटना के बाद इलाके के किसानों और निवासियों में डर का माहौल है। उन्होंने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## अधिवक्ताओं ने राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

# तहसील परिसर में ही बने रजिस्ट्री कार्यालय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अखिल जैन के नेतृत्व में रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प व न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन विभाग, से लखनऊ में मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपकर नए तहसील भवन में उपनिबंधक, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र कार्यालय के अलावा चैंबर्स और बार रूम का निर्माण कराने की मांग की। बार अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने मंत्री रवीन्द्र जायसवाल को बताया कि वर्तमान अमरोहा तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। जबकि गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। इससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेग ।। बार एसोसिएशन की मांग है कि नए तहसील भवन में ही उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम क र्यालय बनाया जाए। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चौंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। मंत्री ने पदाधिकारियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान पुष्कर लाल गुप्ता, जयविन्दर सिंह खरे, राजकुमार सिंह, संजीव कुमार गुर्जर, मनजीत सिंह व भाजपा नेता सुगंध शर्मा उपस्थित रहे।

### बछरायूं में कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी



**शाह टाइम्स ब्यूरो बछरायूं**। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यालय परिसर में अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने कर्मचारियों, आमजन व एसबीपीएस के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने का संकल्प लिया गया। एएनडीपी इंटर कालेज व जूनियर हाईस्कूल पटियापुरा में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। ईओ दीपालिका ने कहा कि स्रोत पर कचरे का पृथक्ककरण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक परिवार को गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करना चाहिए। 17 सितम्बर से दो अम्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ममता ने फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर वैशाली को बधाई

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट दूसरी बार जीतने पर आज बधाई दी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि वैशाली रमेशबाबू को दूसरी बार थ्थ्म्-ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। यह एक अनूठी उपलब्धि है और मैं उनके परिवार और दोस्तों को भी बधाई देती हूं।

### प्रो कबड्डी लीग में अपनी कमेंट्री से मनोज बाजपेयी ने रचा 'भौकाल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** सालों तक विभिन्न विधाओं में प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय करने के बाद, अभिनेता मनोज बाजपेयी को एक नया आयाम मिल गया है, इस बार माइक के पीछे भोजपुरी कमेंट्री के साथ। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के जियोस्टार प्रेजेंटेशन में, बाजपेयी कैमरे में एक उल्लासपूर्ण उन्माद में कैद हुए, जब उन्होंने जियोस्टार स्टूडियो में पिछले सीजन के एक यादगार पल पर कमेंट्री करते हुए एक अविस्मरणीय क्षण प्रस्तुत किया। यह सिर्फ़ एक सहज इशारा नहीं था, बल्कि भोजपुरी में कमेंट्री का एक पूरी तरह से डूबा हुआ शॉट था, जो इस लीग की सबसे नई क्षेत्रीय भाषाओं में से एक है। खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक पर बाजपेयी की स्पष्ट और सच्ची प्रतिक्रिया इस बात का प्रतीक है कि भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक को घर जैसी भाषा में देखना लोगों को अद्वितीय तरीकों से जोड़ता है। भोजपुरी कमेंट्री बॉक्स में कुशल परीक्षण के साथ, यह देखना बाकी है कि क्या बाजपेयी इस सीजन में फिर से लौटेंगे और जल्द ही अपने नए करियर को आजमाएंगे।

# स्टेटिंग विश्व चैंपियनशिप में आनंद ने जीता सोना



## भारत को पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग/नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक स्वर्णिम अध्याय लिखा।

वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24-924 सेकंड का समय लेकर शानदार जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43:072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था। इस जीत के साथ, उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को सर्वोच्च पोडियम तक पहुंचाया और स्पीड स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बने। भारत की पदक तालिका में तब और इज़ाफ़ा हुआ जब जूनियर स्केटर कृष शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में 1,000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता, जिसने देश में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 13 सितम्बर को बेइदाईहे में शुरू हुई और 21 सितम्बर को समाप्त होगी। भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के अधिकारियों ने इस जीत को एक ऐसे खेल के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जिसने जमीनी स्तर की अकादमियों के माध्यम से लगातार लोकप्रियता हासिल की है। इतालवी कोच लुका प्रेस्टी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे वेलकुमार ने यह पदक अपने परिवार और कोचों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है। यह उन सभी की जीत है जिन्हें विश्वास था कि एक भारतीय ऐसा कर सकता है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से स्पीड स्केटिंग के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट समर्थन बढ़ने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में ओलंपिक में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा, ष्स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जोश ने उन्हें स्केटिंग में भारत का पहला विश्व चैंपियन बनाया है।

### योगी ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप विजेता आनंद को दी बधाई

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। वेल. कुमार ने 1:24:924 सेकंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

# अपोलो टायर्स बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक

**मुंबई, वार्ता।** अपोलो टायर्स ने 579 करोड़ रुपये की शानदार बोली लगाकर त्रिकोणीय मुक. ाबले में जीत हासिल करते हुए भारतीय टीम के प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह प्रायोजन सौदा तीन साल का है और इसमें 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।

100 से ज्यादा देशों में मौजूदगी वाली गुड़गांव स्थित इस टायर कंपनी ने कैनवा और जेके सीमेंट्स की चुनौतियों को मात दी, जिन्होंने क्रमशः 544 करोड़ रुपये और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। यह सौदा प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये का बैठता है, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मैचों के बीच मूल्य अंतर को देखते हुए इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आधार मूल्य द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये था। सभी रियल मनी गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश द्वारा ड्रीम11 सौदे को रद्द करने के बाद बीसीसीआई को एक नए प्रायोजक के लिए निविदाएं जारी करनी पड़ीं। एशिया कप के करीब आने वाले सरकारी आदेश के साथ, बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए जर्सी प्रायोजक के बिना जाना पड़ा।




● 579 करोड़ रुपये में हासिल किए अधिकार

नए प्रायोजकों को पहला अंतर्राष्ट्रीय लाभ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में मिलेगा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एक सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।

### चीन के वांग टेटे पुरुष विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर लौटे

**बीजिंग, वार्ता।** आईटीटीएफ द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम विश्व रैंकिंग के बाद, चीन के वांग चुकिन पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आए हैं। वांग ने रविवार को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ जीतकर 1,000 रैंकिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह हमवतन लिन शिदोंग से 9,425 अंकों के साथ आगे निकल गए, जबकि लिन के 9,375 अंक हैं। डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ के उपविजेता ब्राज़ील के ह्यूगो काल्डेरानो तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि जापान के तोमोकाज़ू हरिमोटो चौथे स्थान पर खिसक गए। शीर्ष 10 में स्वीडन की ट्रुल्स मोरेगार्ड, चीन की लियांग जिंगकुन, फ्रांस की फेलिक्स लेब्रन, जर्मनी की डूडा, चीन की जियांग पेंग और स्लोवेनिया की डार्को जोर्गिक शामिल हैं।

# रैंकिंग में फिर नंबर-1 मंधाना

● स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार फिफ्टी लगाकर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कब्जाया




**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्द्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गईं। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत जीतेगा 20 से ज्यादा पदकः देवेंद्र

● 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है।


27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इस खेल आयोजन में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष और दो बार के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहेगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय दल 20 से ज्यादा मेडल जीतकर इतिहास रचेगा। पीसीआई के अध्यक्ष झाझरिया ने कहा कि हमारे पास 73 खिलाड़ी हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा खेलों की तरक्की को बखूबी प्रदर्शित करता है।

पिछली बार कोबे में भारत ने 17 मेडल जीते थे। इस बार हमारी टीम और मजबूत है और मुझे पूरा यकीन है कि हम 20 से ज्यादा मेडल जीतेंगे।

# डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

● डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 6.15 मी. की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया



**टोक्यो, वार्ता।** वह कूद पड़ा। वह चिल्लाया। उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज़्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ़' 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है। हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया( दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए। जो कि सिर्फ़ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। यही मेरी मानसिकता थी कि उन्होंने बताया। ष्मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं। ज़मीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा। सिर्फ़ 25 साल की उम्र में, डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले, टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से, उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक ख्+िताब जीता है, और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था।

मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है,ष उन्होंने कहा। ष्मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है।

# सुपर-4 की जंग के लिए भिड़ेंगे पाक-यूएई

**दुबई, वार्ता।** क्रिकेट अक्सर तब सबसे रोमांचक होता है जब एक टीम अपनी लय फिर से तलाश रही होती है और दूसरी टीम यह साबित करने पर आमादा होती है कि वह उसी मंच के लिए काबिल है। सलमान आगा की अगुवाई में पाकिस्तान कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 के 10वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ने के लिए तैयार है, और यही स्थिति है। पाकिस्तान यहां कुछ चोटों के साथ पहुंचा है।

उनके गेंदबाज अनुशासित और नए-नए अंदाज में खेल रहे हैं, लेकिन भारत के खिलाफ बल्लेबाजी का पतन-एक आशाजनक शुरुआत के बाद 127 रन पर नौ विकेट-सवालों के घेरे में है। यह मुकाबला उनके बल्लेबाज़ों को यह दिखाने का मौका देता है कि एक खराब प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को परिभाषित नहीं करता। सईम अयूब शीर्ष क्रम में व्यवस्थित दिखे हैं, और साहिबज़ादा फरहान ने दबाव वाले मैचों में जरूरी शांत स्वभाव दिखाया है। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, फखर जमान जानते होंगे कि टीम को एक स्थिर शुरुआत के बाद साफ-सुथरे स्ट्राइक की जरूरत है। कप्तानी में नए लेकिन शांतचित्त सलमान आगा को बीच के ओवरों में लय बनानी होगी। हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के पास ऐसे स्ट्रोक्स हैं जो अगर उन्हें सही मंच मिले तो स्कोर को मजबूत बनाए रख सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान का आक्रमण काफी मजबूत है। शाहीन अफरीदी की बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी किसी भी शीर्ष क्रम को परेशान कर सकती है, और हारिस रऊफ का अंतिम छोर पर नियंत्रण बेहद अहम है।



# सिंधु चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में

**शेनझेन।** पीवी सिंधु ने डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को केवल 27 मिनट में 21-5, 21-10 से हराकर ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। पुरुष एकल में, युवा आयुष शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को कड़ी टक्कर दी। पहला गेम 19-21 से हारने के बाद, आयुष ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम किया, लेकिन निर्णायक गेम में 68 मिनट तक चले मैच में 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी अपने जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गई।


# एशिया कप से नाम वापस लेना आसान काम नहीं

● पाकिस्तान को होगा 140 करोड़ तक का नुकसान

● एशियाई क्रिकेट परिषद की सालाना कमाई का 74 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों में बराबर-बराबर बंटता है

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एशिया कप से बाहर निकलने की कथित धमकी को अमल में लाना आसान नहीं होगा। अगर पाकिस्तान ऐसा करता है, तो उसे करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 100 से 140 करोड़ रुपये तक) का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। शेष 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है। ये कमाई प्रसारण अधिकार (टीवी और डिजिटल), प्रायोजन सौदे और टिकट बिक्री जैसे विभिन्न स्रोतों से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को अनुमानित 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (ैच्छप्) ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रसारण करार किया है। इसमें महिला एशिया कप और अंडर-19 एशिया कप के प्रसारण अधिकार भी शामिल हैं। अगर पाकिस्तान बीच टूर्नामेंट से बाहर होता है तो प्रसारक के साथ बड़ी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुक. ाबला इस सौदे का सबसे बड़ा आकर्षण है। इस मैच के लिए विज्ञापन स्लाट प्रीमियम रेट पर बेचे जाते हैं। पाकिस्तान के बाहर होने पर विज्ञापनदाताओं और प्रसारक को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। पीसीबी प्रमुख और पाकिस्तान के गृह एवं नारकोटिक्स नियंत्रण मंत्री मोहसिन नकवी इस समय एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने खुलकर आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट पर निशाना साधा था और भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के विवाद के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। साथ ही आईसीसी को पत्र लिखकर पायक्राफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की थी। साथ ही यह धमकी भी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगी। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकरा दी और पायक्राफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पीसीबी के सामने मुश्किल स्थिति है। एक तरफ पैसा है तो दूसरी तरफ देश का आत्मसम्मान है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान क्या चुनता है। अगर उसे पैसा कमाना है तो आत्मसम्मान से समझौता करना होगा।




### ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीत पर भारत की वापसी पर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत-यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है। वे महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आत्मविश्वास से लबरेज और ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास से लबरेज हैं। लेकिन भारत को पूरी तरह से नजरअंदाज मत कीजिए-अभी नहीं। वे पहले मैच में भले ही दूसरे स्थान पर रहे हों, लेकिन हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे हैं। स्मृति मंधाना और युवा प्रतिका रावल ने शीर्ष क्रम में 117 रनों की शानदार साझेदारी करके एक आक्रामक स्कोर की नींव रखी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 17 सितम्बर 2025

# धर्मांतरण कानून पर नोटिस

धर्मान्तरण कानून को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को धर्मान्तरण से जुड़े कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों को नोटिस जारी किया है और इसका जवाब चार हफ्ते में दाखिल करने को कहा है। उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में बने धर्मान्तरण कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गईं। इन्हीं याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका कर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है लेकिन यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं। असल में जिस तरह की कठोरता धर्मान्तरण कानूनों को लेकर बरती गई है वह बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है। इसलिए धर्मान्तरण कानूनों को लेकर एक पक्ष विशेषकर अल्पसंख्यक समाज जरा भी सहज नहीं है, बल्कि वह यह अंदेशा बार-बार सार्वजनिक रूप से जाहिर होती है कि इस कानून द्वारा एक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों का उत्पीड़न होगा। जिस तरह के प्रावधान धर्मान्तरण कानून में किए गए हैं, इससे उनकी आशंकाओं की पुष्टि भी होती है। जैसाकि सीनियर एडवोकेट चंद्र उदय सिंह ने अदालत में दलील भी दी कि यूपी में 2024 में धर्मान्तरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। उदय सिंह का कहना था कि जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उनका कहना था कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेयर मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने याद दिलाया कि इस मामले में एससी ने 2020 में नोटिस जारी किया था, बाद में जमीअत उलेमा हिन्द ने कोर्ट से मांग की कि छह हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश में इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक जरूरी है। अब सरकारें चार सप्ताह में क्या जवाब देंगी, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इससे एक बात साफ है कि धर्मान्तरण कानून में जिसको फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है। इस तरह की खामियां हैं, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगती है। पीठ के सामने वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय पारिख समेत अन्य पक्षकारों ने भी अपनी दलील रखी। वैसे वास्तव में देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का विभिन्न समाज वाले देश में कोई औचित्य नहीं है। इसके पीछे देखा जाए तो राजनीति मुख्य कारण है। धर्मान्तरण कानून लाया भी उन्हीं राज्यों में गया है, जहां भाजपा की सरकारें हैं। जो इस बात की तरफ इशारा करती है कि धर्मान्तरण को लेकर केवल भाजपा को ही समस्या है, अन्य सरकारों को नहीं। निसंदेह अगर कहीं कोई बलपूर्वक या षड्यंत्रकारी तरीके से धर्मान्तरण में शामिल होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए और उसके लिए हमारे पास पहले से ही कानून हैं, लेकिन यह पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं होना चाहिए।

## सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा



योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं, बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है, प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है, पीड़ित लोगों के एक दिन पहले दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा है, जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद सभी इंतजाम करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है, क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है।

**अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश






पवन सिंह

एनसीईआर जिस तरह से भारत की समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा है, उसने भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य ही नहीं भारत के समूचे सामाजिक और राजनैतिक व संवैधानिक ढांचे को ही खतरे में फंसा दिया है। बेहतरीन और प्रगतिशील शिक्षा देने वाला एनसीईआरटी मात्र दस सालों के भीतर कैसे इस देश के भविष्य के साथ ही खेलने लगेगा, यह आश्चर्यजनक ही नहीं भयावह भी है। ऐसा लगता है एनसीईआरटी पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था की तरह कट्टरता को ऊपर से नीचे तक ओढ़ लेना चाहता है। यकीन मानिए इस लेख को लिखते हुए मैं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर बुरी तरह से चिंतित हूं।

भारत में हुए किसान आंदोलनों का एक मजबूत इतिहास रहा है और इन किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें तक हिलाकर रख दी थीं लेकिन एनसीईआरटी को अब किसान आंदोलन अखरने लगे हैं। 80 के दशक का किसान आंदोलन एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम से गायब कर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से कुछ हिस्सों को हटाने को लेकर विवाद भी हुआ और इसी विवाद के बीच NCERT ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से भारतीय किसान यूनियन के किसान आंदोलन से संबंधित राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक अध्याय को हटा दिया। किसान यूनियन की स्थापना 1980 के दशक के अंत में दिग्गज किसान नेताओं महेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी चरण सिंह, एमडी नांजुंदास्वामी, नारायणस्वामी नायडू और भूपिंदर सिंह मान ने की थी और इन किसान नेताओं की बदौलत हमारा अन्नदाता किसान एक ताकत के रूप में उभरा। द ट्रिब्यून के अनुसार, 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक हटाया गया, जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई और अनेक देशों के किसान संगठनों ने ऐसे लंबे और अनुशासित आंदोलन कैसे चलाएं जाएं इस पर आश्चर्य प्रगट किया व सराहना की। हालांकि, राकेश टिकैत ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी लेकिन उस पर कितना और कब से अमल हुआ यह ज्ञात नहीं है। इसी तरह से एनसीईआरटी ने 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट वर्क के पहले अध्याय में भी बदलाव कर डाला। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भ में बदलाव कर डाले और इसी पाठ्यपुस्तक के अध्याय नंबर 10 में जम्मू कश्मीर के भारत में विलय से जुड़ी वह शर्त और उससे जुड़ी जानकारी भी हटा दी गई है, जिसमें इसे संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्त बनाए रखने की बात कही गई थी। इसे पाठ्यक्रम में बने रहने देने में कोई ऐतराज नहीं था क्योंकि पीढ़ियों को पता तो चलता कि यह धारा किन परिस्थितियों में और क्यों लगाई गई थी। NCERT ने 12वीं कक्षा की इतिहास की किताबों से मुगलों और 2002 के गुजरात दंगों पर सामग्री को हटा दिया और महात्मा गांधी जितनी आंखों में चुभते थे और चुभते रहे हैं तो महात्मा की लंगोटी को भी कैंची से काटना जरूरी था, लिहाजा कुछ अंश वहां से भी कट हुए। वर्ष 2022 में भी सांप्रदायिक और राजनैतिक दल की तरह एक्ट करने वाले एनसीईआरटी ने पाठड क्रम से पर्यावरण संबंधी अध्याय हटा दिया था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। कोविड काल में भी एनसीईआरटी ने समाजशास्त्र की किताब से जातिगत भेदभाव से संबंधित सामग्री हटाई थी। कक्षा 10वीं की इतिहास की किताब से राष्ट्रवाद समेत तीन अध्याय हटाए गए। उसके पहले 9वीं कक्षा की किताबों से त्रावणकोर की महिलाओं के जातीय संघर्ष समेत तीन अध्याय हटाए गए थे। 2018 में भी एक ऐसे ही बदलाव में कक्षा 12वीं की राजनीतिक विज्ञान की किताब में गुजरात मुस्लिम विरोधी दंगों में से मुस्लिम विरोधी शब्द हटा दिया था। इस संदर्भ के साथ पाकिस्तान की साम्प्रदायिक हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार द डॉन ने एक रिपोर्ट छपी थी कि किस तरह पाकिस्तानी स्कूलों में हिंदुओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति विद्वेषपूर्ण और भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है। पाकिस्तान के शिक्षकों को पूरी तरह से साम्प्रदायिक कर दिया गया है। यह शिक्षक गैर मुस्लिमों को इस्लाम का दुश्मन मानते हैं। एक अध्ययन अमेरिकी सरकार से जुड़े एक मिशन द्वारा किया गया था जिसके अनुसार पाकिस्तान में कट्टर इस्लाम के नाम पर जहर का बीज बोया जा रहा है। 9/11 हमले के बाद पूरी दुनिया का ध्यान स्कूलों में पढाई जाने वाली टैक्स्ट बुक की ओर गया। खासकर सऊदी अरब और पाकिस्तान की स्कूली किताबों की ओर। अमेरिका ने काफी दबाव डालकर सऊदी अरब की स्कूली किताबों के काफी टैक्स्ट बदलवाए, लेकिन पाकिस्तान में वह ऐसा न कर सका। पाक स्कूलों की शिक्षा आतंकियों के प्रति सहानुभूति की वजह बन रही है। यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के चेयरमैन लेनार्ड लियो ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था, पाकिस्तान में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। सरकारों के लगातार कमजोर होने से कठमुल्लावाद को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वे में पाकिस्तान के चारों प्रातों में कक्षा एक से लेकर दस तक की सौ से ज्यादा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया। पाठ्यपुस्तकों का इस्लामीकरण तानाशाह जनरल जिया उल हक के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद किताबों में पढ़ाया जाने लगा कि हिंदुओं की संस्कृति और सामाजिक अन्याय और क्रूरता पर आधारित है। जबकि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में कक्षा चार की सामाजिक अध्ययन की किताबों में लिखा है कि मुस्लिम विरोधी ताकतें दुनिया से इस्लाम के वर्चस्व को खत्म करने में लगी हैं। पाकिस्तानी इतिहास के नायकों में मोहम्मद गजनवी को खासा महिमामंडित किया गया है, जिसने 1029 ईसवी के आसपास सोमनाथ मंदिर को तोड़ा था। आज इन्हीं सब शिक्षाओं का नतीजा है कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा असहिष्णु देश बन चुका है। इसी शिक्षा का परिणाम यह हुआ कि पाक में मंदि. रों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले, तोडफोड़ और आगजनी की घटनाएं बढ़ीं। कश्मीर हेराल्ड समाचार पत्र के मुताबिक-पाकिस्तानी स्कूली किताबों में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू नेताओं के योगदान को बहुत कम करके दिखाया गया है, जिसमें गांधी जी भी शामिल हैं, जिसकी छवि को पाकिस्तान की स्कूली किताबों में लगातार खराब करने की कोशिश हुई है। पाकिस्तान की स्कूली किताबें कहती हैं कि पाकिस्तान का बनना हिंदूओं के विश्वासघात का नतीजा था। अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान जो व्यापक हिंसा हुई, उसके लिए हिंदू और मुस्लिम जिम्मेदार थे, जिन्होंने मुस्लिमों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की इतिहास की किताबों में कहा गया है कि 1971 में बांग्लादेश का बनना गहरी हिंदू साजिश का नतीजा थी, हिन्दू चाहते थे कि पाकिस्तान को अस्थिर कर दिया जाए, इसलिए पूर्वी पाकिस्तान को अलग करने षडयंत्र रचा गया। किसी भी पाकिस्तानी टैक्स्ट बुक में ए उल्लेख कहीं नहीं है कि किस तरह बांग्लादेश में पाकिस्तान सेना ने वहां के लोगों पर जुल्म ढहाए थे। पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तानी सरकार स्कूली पाठड क्रम से घृणा और वैमनस्य पैदा करने वाली धार्मिक सामग्री हटाने में नाकाम रही है। क्या यह माना जाए कि एनसीईआरटी भी पाकिस्तानी शिक्षा बोर्ड कि तर्ज पर आगे बढ़ रही है? एनसीईआरटी ने खेल खेलना आरंभ किया है यह खेल बहुत खतरनाक साबित होगा, बच्चों के दिमाग में जहर की कीमत पूरा समाज और देश एक साथ चुकाता है व पाकिस्तान से बड़ा उदाहरण आपके सामने और क्या हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक आम लत जो वनमानुष पूर्वजों से मिली

**मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया।**

अजीब लगता है लेकिन शायद यह सच है। यह सही है कि 1 करोड़ साल पहले हमारे वानर पूर्वज दारू बनाना तो नहीं जानते थे लेकिन उन्होंने उसका स्वाद परोक्ष रूप से चख लिया था। बायोसाइन्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट इस बात को प्रमाणित करती लगती है। जीव वैज्ञानिक रॉबर्ट डूडले द्वारा प्रस्तुत एक परिकल्पना रही है, शराबखोर बंदर, जिसके अनुसार कई लाख साल पहले हमारे वानर पूर्वज गिरे हुए फल खाते थे, जो कुछ हद तक किण्वित होकर मदिरा से भर गए होंगे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस प्रवृत्ति को एक अच्छा सा नाम भी दे दिया है-स्क्रम्पिंग (फलचोरी)।

वैसे तो किण्वित होते फलों को सूंघ लेना काफी आसान है। जब फलों, पेड़ों से रिसते रस या मकरंद पर खमीर पनपता है तो वह अल्कोहल पैदा करता है। कई जानवर और पक्षी इसका सेवन करके थोड़े धुत तो हो जाते हैं और फिर मनुष्यों ने लगभग 8000 साल पहले फलों से और अनाज से शराब बनाना सीख लिया था। तो हो सकता है कि हमारे वानर पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से बनती शराब को चखा हो। दरअसल, यदि वे ऐसे किण्वित होते फलों को खाने लगते तो उन्हें अन्य जंतुओं से प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलता क्योंकि अन्य जंतु इन्हें नहीं खाते। और तो और, ऐसे फलों को उनकी हवा में फैलती गंध की मदद से दूर से ताड़ लेना भी आसान रहा होगा। हमारे पूर्वजों ने यह क्षमता हासिल कर ली थी, इसका सर्वप्रथम प्रमाण 2015 में 18 प्रायमेट प्रजातियों के एक जेनेटिक विश्लेषण से मिला था। इस अध्ययन में पता चला था कि मनुष्य, चिम्पैंजी तथा गोरिल्ला में एक ऐसा उत्परिवर्तन पाया जाता है जो अल्कोहल पचाने वाले एंजाइम की कार्यक्षमता को 40 गुना बढ़ा देता है। और गणनाओं से अन्दाज लगा था कि यह उत्परिवर्तन करीब 1 करोड़ साल पहले हुआ था, लेकिन इस बाबत आंकड़े उपलब्ध नहीं थे कि क्या हमारे वानर पूर्वज पर्याप्त मात्रा में किण्वित खाद्य पदार्थ का भक्षण करते थे। परोक्ष अनुमानों के आधार पर तो 40 प्रजातियों के भोजन में यह 3 प्रतिशत से भी कम था। शोधकर्ताओं का विचार था कि यह अनुमान वास्तविकता से थोड़ा कम है क्योंकि इसमें उन फलों को शामिल नहीं किया गया है जो किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में खाए जाते हैं।

फिर शोधकर्ताओं को एक आइडिया सूझा। उन्होंने विचार किया कि यदि वे गिरे हुए फलों पर ध्यान केन्द्रित करें तो बेहतर अनुमान मिल सकता है। मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया। अब इस नई परिभाषा को लेकर डार्टमाउथ कॉलेज के मानव वैज्ञानिक नाथेनियल डोमिनी और उनके साथियों ने चार प्रायमेट प्रजाति आबादियों के पहले से उपलब्ध आंकड़ों को एक बार फिर से टटोला-बोर्नियो के ओरांगुटान, युगांडा के चिम्पैंजी और पहाड़ी गोरिल्ला तथा गैबन के गोरिल्ला। देखा गया कि इन चारों प्रजातियों के भोजन में फलों की मात्रा लगभग एक बराबर 15 से 60 प्रतिशत के बीच थी लेकिन गिरे हुए या पेड़ से तोड़े गए फलों की मात्रा में काफी विविधता थी।

अफ्रीकी एप्स, गोरिल्ला व चिम्पैंजी ने जो फल खाए उनमें से गिरे हुए फल 25 से 62 प्रतिशत तक थे जबकि ओरांगुटान ने ऐसे फल कभी-कभार ही खाए थे। गौरतलब है कि ओरांगुटान हमारे दूर के रिश्तेदार हैं और उनमें अल्कोहल का कुशलतापूर्वक पाचन करने के लिए जरूरी जेनेटिक उत्परिवर्तन नहीं होता। लिहाजा, उपरोक्त जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। अलबत्ता, कई वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद स्थलों के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। हो सकता है यह प्रवृत्ति चंद आबादियों तक सीमित हो। जैसे हारवर्ड विश्वविद्यालय के मानव वैज्ञानिक रिचर्ड रैंगहैम बताते हैं कि उन्होंने दशकों से युगांडा के जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया है उनमें गिरे हुए फल के प्रति हिकारत ही देखी है। बहरहाल, वे मानते हैं कि इस अध्ययन ने अल्कोहल सेवन की ओर जो ध्यान आकर्षित किया है वह महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी बहसों का गिरता स्तर समाज के लिए चिंतनीय



विनीत नारायण



भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां संवाद और विमर्श लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। वहां आज टीवी बहसें एक ऐसा मंच बन चुकी हैं जहां तर्क की जगह एक दूसरे का अपमान, चीख-पुकार और राजनीतिक दुष्प्रचार हावी हो गया है। प्राइम टाइम के इन शो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करते नजर आते हैं, जिससे बहसें निष्कर्षहीन हो जाती हैं। यह न केवल दर्शकों के समय की बर्बादी है, बल्कि समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला एक खतरनाक माध्यम भी बन गया है। प्रवक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा ने टीवी डिबेट्स को एक सर्कस का रूप दे दिया है। चैनल और एंकर ऐसे निरर्थक बहसों को क्यों बढ़ावा देते हैं? क्या यह टीआरपी की होड़ है या राजनीतिक दबाव?

टीवी बहसों का इतिहास भारत में 1990 के दशक से जुड़ा है , जब निजी चैनलों का आगमन हुआ। शुरू में ए बहसें मुद्दों पर तथ्यपरक चर्चा का माध्यम थीं, लेकिन आज वे एक शोरगुल भरी जंग बन चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से स्पष्ट है कि भारतीय टीवी डिबेट्स में आक्रामकता और विषाक्त भाषा का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ा है। एक शोध के अनुसार, बहसों में एंकरों द्वारा आक्रामक लहजे का इस्तेमाल 80 प्रतिशत से अधिक होता है, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। ए आंकड़े बताते हैं कि बहसें अब सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि प्रचार का हथियार बन चुकी हैं।

राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं द्वारा अपमानजनक भाषा का उपयोग इस समस्या का केंद्रीय बिंदु है। एक बहस के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रवक्ता को दूसरी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा 'जयचंद' और 'गद्दार' कहा गया, जिसे सुनकर उस प्रवक्ता को हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना टीवी डिबेट्स की विषाक्तता का जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह अन्य प्रवक्ता ने एक दूसरे प्रवक्ता को 'नाली का कीड़ा','दादी मां', 'वैंप' कहा या 'उल्टा टांग दूंगा' जैसे शब्दों का प्रयोग करते पाए गए हैं। एक प्रवक्ता ने तो बहस के दौरान दूसरे प्रवक्ता पर हाथ भी उठा दिया।

यह समस्या बढ़ रही है कम नहीं हुई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक टीवी बहस के दौरान एक नेता पर कुर्सी फेंकी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज हुई। नवंबर 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक टीवी चैनल को एक प्रवक्ता के खिलाफ अपमानजनक क्लिप हटाने का आदेश दिया। ए उदाहरण दर्शाते हैं कि अपमान अब शारीरिक हिंसा तक पहुंच गया है। राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे प्रवक्ताओं को चुना जाना भी एक चिंताजनक बात है। अधिकांश प्रवक्ता राजनीतिक अनुभव की कमी रखते हैं और केवल टीवी पर चिल्लाने के लिए नियुक्त होते हैं।

यदि राजनैतिक दल द्वारा योग्य प्रवक्ताओं को चुना गया होता, तो बहसें अधिक सभ्य और उत्पादक होतीं। लेकिन वर्तमान में, ए प्रवक्ता दलों के चेहरे बन चुके हैं, जो विचारधारा के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर निर्भर हैं। ऐसे स्तरहीन प्रवक्ताओं को चैनल क्यों आमंत्रित करते हैं? इसका मुख्य कारण टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) है। शोरगुल भरी बहसें दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं, क्योंकि वे मनोरंजन का रूप ले लेती हैं। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबावों के कारण ग्राउंड रिपोर्टिंग कम हो गई है और स्टूडियो डिबेट्स ही मुख्य सामग्री बन गई हैं। चैनल जानते हैं कि तर्कपूर्ण चर्चा से दर्शक भागते हैं, लेकिन चीख-पुकार उन्हें बांधे रखती है। दूसरा कारण राजनीतिक दबाव का उदय है। टाइम मैगजीन के अनुसार, राज्य और पार्टी के विज्ञापन बजट चैनलों को नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, बहसें सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली बन जाती हैं। विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित किया जाता है, जबकि सत्ताधारी प्रवक्ताओं को खुली छूट मिलती है। 2022 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चैनलों को सलाह दी कि वे उत्तेजक भाषा वाली बहसें न दिखाएं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। चैनल जानबूझकर ऐसे प्रवक्ताओं को बुलाते हैं जो विवाद पैदा करें, क्योंकि यह सोशल मीडिया पर वायरल होता है और चैनल की पहुंच बढ़ाता है। ऐसी बहसों के सामाजिक प्रभाव गंभीर हैं। वे समाज को ध्रुवीकृत करती हैं, विशेषकर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर। एक शोध के अनुसार, बहसें शफिक्स्ड मैचश की तरह होती हैं, जहां अपमान और झगड़े पूर्वनियोजित होते हैं। मुस्लिम पैनलिस्टों को एंटी-नेशनल कहा जाता है, जो सांप्रदायिक हिंसा को भड़काता है। 'गल्फ न्यूज' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के चैनल मुसलमानों के खिलाफ घृणा फैला रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग, जो रोजगार और शिक्षा चाहता है, इन बहसों से प्रभावित होकर हिंसक हो रहा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है, लेकिन यह विषाक्त संवाद समाज को कमजोर कर रहा है। चैनल और एंकरों की जिम्मेदारी यहां महत्वपूर्ण है। वे मॉडरेटर हैं, न कि भागीदार। लेकिन अधिकांश एंकर, खुद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रेडिफ की एक रिपोर्ट में कहा गया कि बहसें शविषैलीश हो चुकी हैं। एंकर विपक्ष को बोलने न देकर, मात्र समय काटते हैं। यदि चैनल सख्त कोड ऑफ कंडक्ट लागू करें, तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन टीआरपी और राजनी. तिक लाभ के लालच में वे अनदेखी करते हैं।

समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, राजनैतिक दलों को प्रवक्ताओं के चयन में सुधार करना चाहिए। केवल अनुभवी और सभ्य व्यक्तियों को ही टीवी पर भेजा जाए। दूसरा, 'ट्राई' और सूचना मंत्रालय को सख्त नियम लागू करने चाहिए, जैसे अपमानजनक भाषा पर तत्काल जुर्माना लगे। तीसरा, दर्शकों को जागरूक होना चाहिएय वे ऐसे चैनलों का बहिष्कार करें जो सनसनी फैलाते हैं। चौथा, स्वतंत्र मीडिया वॉचडॉग को मजबूत बनाना चाहिए। अंत में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब पर तथ्यपरक बहसें बढ़ावा दें, जहां सोशल मीडिया इंगेजमेंट सकारात्मक हो।

भारत की टीवी बहसें लोकतंत्र का मजाक बन चुकी हैं। अपमानजनक प्रवक्ताओं का बोलबाला न केवल बहसों को निरर्थक बनाता है, बल्कि समाज को विभाजित करता है। चैनल और एंकरों को यदि वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान करना है, तो उन्हें टीआरपी के पीछे भागना छोड़कर जिम्मेदार संवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अन्यथा, ए बहसें लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती रहेंगी। समय आ गया है कि हम एक ऐसे मीडिया की मांग करें जहां तर्क जीते, न कि अपमान। केवल तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सीजफायर पर वाहवाही लूटने के ट्रम्प के दावे को झटका

# पाक डिप्टी पीएम ने ट्रम्प को दिखाया आईना

## इशाक डार बोले: भारत ने कभी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**दोहा।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का डोनाल्ड ट्रम्प का दावा खारिज कर दिया। मंगलवार को कतर में अलजजीरा से बात. चीत में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की भागीदारी जरूरी है। डार ने कहा कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने सीजफायर का मामला उठाया तो अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि भारत हमेशा से यही कहता आया है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह से द्विपक्षीय हैं। डार ने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में सीजफायर का प्रस्ताव दिया था और यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। डार ने कहा-भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। डार ने यह भी कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सबसे पहले दोनों देशों के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद वो करीब 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में सीजफायर कराने का क्रेडिट ले चुके हैं। हालांकि भारत साफ तौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं है।



■ हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है
■ हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है: इशाक डार

### अगले हफ्ते ट्रम्प से मिल सकते हैं पाक पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 सितम्बर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका जाएंगे। इस दौरान उनकी ट्रम्प से मुलाकात होगी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भी मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में पाकिस्तान से आई विनाशकारी बाढ़ और कतर पर इजरायल के हमले के परिणामों की चर्चा की जाएगी। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि यह बैठक कतर और सऊदी अरब के सलाह से आयोजित की जा रही है।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

### इजरायल को अंतर्राष्ट्रीय खेलों से प्रतिबंधित किया जाए: स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में इजरायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि इजरायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजरायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पेन के प्रधानमंत्री को 'शर्मनाक' करार दिया और उन पर मैड्रिड में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया, जिसके कारण वुएल्टा-ए-स्पेना साइकिल रेस का अंतिम चरण रद्द कर दिया गया, जिसमें एक इजरायली टीम प्रतिस्पर्धा कर रही थी। इससे पहले सांचेज ने कहा था कि तीन हफ्ते तक चली इस रेस के दौरान हुए पिछले विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया है कि स्पेन गाजा मुद्दे पर 'गर्व' के साथ एक मिसाल कायम करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान।** ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की। उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा: एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर 'आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध' पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

### अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुए उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गई चेतावनी को नजरंदाज करते हुए जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाए यूरोप: अमेरिका

■ वित्त मंत्री ने कहा: अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इन्कार

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते।

यूरोप को रूस की आयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटाक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की आयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रापर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा।

# जैश ने कबूला: ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

## जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो हो रहा वायरल



7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए
भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सैटेलाइट तस्वीरों से भी मस्जिद के गुंबद और आसपास के ढांचों को गंभीर नुकसान की पुष्टि हुई। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था। साल 2011 तक इस कैंपस में सिर्फ एक मस्जिद थी, उसके बाद आतंकियों की ट्रेनिंग और बाकी एक्टिविटीज के लिए कैंपस में इमारतें और बाकी स्ट्रक्चर बढ़ता चला गया। सैटेलाइट इमेजेज के आधार पर इसका पूरा इलाका 18 एकड़ बताया जाता है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाला था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने कहा था कि जैश के बहावलपुर हेडक्वार्टर को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने मसूद की सिक्योरिटी और बढ़ा दी थी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को इस तरह की स्ट्राइक का अंदेशा था, इसलिए माना जाता है कि मसूद को पहले ही वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। ले. ज. रामेश्वर राय के मुता. बिक पाकिस्तान में मसूद को सेना का प्रोटेक्शन मिला हुआ है, लेकिन पाकिस्तान यह नहीं मानता कि मसूद उसकी जमीन पर मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान मसूद अजहर के मारे जाने की बात छिपाने की कोशिश कर सकता है।

# इजरायल के गाजा सिटी में जमीनी हमलों में 41 की मौत

## तीन लाख लोगों ने शहर छोड़ा, रक्षामंत्री काट्ज बोले: गाजा जल रहा



**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इजरायली अधिका. रियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजरायल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजरायली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से उनके ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। इजरायल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को डयूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेडयूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसम्बर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है। साथ ही, पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा भी 30-40 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन में 5 आर्मी डिवीजन और 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें शामिल होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा ले रही हैं। इजरायल का मकसद गाजा सिटी में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है।

## ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया सबसे गिरा हुआ अखबार

■ अमेरिकी राष्ट्रपति 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि वे चर्चित अखबार द न्यूयार्क टाइम्स के खिलाफ 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे। ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स को 'कट्टरपंथी वाम डेमोक्रेट पार्टी' का मुखपत्र बताया और कहा कि अखबार ने बीते एक दशक से उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। ट्रम्प ने दावा किया कि अखबार उनके बारे में झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करता आ रहा है।

ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स पर कमला हैरिस के समर्थन में अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि अखबार द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का समर्थन किया गया और उनके बयानों को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा। ट्रम्प का दावा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा अवैध चुनावी चंदा है। उन्होंने अखबार पर उनके, उनके परिवार, उनके व्यवसाय और अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) आंदोलनों और पूरे देश के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि कभी सम्मानित रहे अखबार के खिलाफ कार्रवाई करने पर उन्हें गर्व है, जैसा कि उन्होंने पूर्व में कई अखबारों और मीडिया संस्थानों के खिलाफ किया है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि अखबार को बहुत लंबे समय तक मेरे खिलाफ खुलेआम झूठ बोलने और बदनाम करने की इजाजत दी गई। जो अस्वीकार्य और अवैध दोनों है। अब यह सब बंद हो! यह मुकदमा फ्लोरिडा राज्य में लाया जा रहा है।

## भारत-मॉरीशस के संबंध और अधिक मजबूत होंगे: मुर्मु

■ दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आए थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गई। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

## ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया खाते होंगे बंद




**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसम्बर तक बंद करने होगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसम्बर से प्रभावी होगा।

ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसम्बर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुवेल्स ने कहा कि हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे। सुग्रांट ने कहा कि सरकार समझती है कि इस प्रतिबंध का पालन करने के लिए किसी तकनीक का निर्माण करने और उसे लागू करने में वक्त लगेगा। कंपनियों को नीति और प्रक्रियाओं के पालन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उम्र का पता लगाने वाली तकनीक का परीक्षण कराया था और यह पता चला है कि इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108